प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

# यूनिक समय

INS ACCREDITED
यूनिकॉम एडवरटाइजिंग
unicomadvertising.com

डीएवीपी द्वारा मान्यता प्राप्त
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026–28

Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com

वर्ष-4 | अंक-200 | सांध्य दैनिक | मथुरा, सोमवार, 14 सितंबर 2026 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | X.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay


# नगर निगम में कचरे से कमाई की तैयारी, वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट पर जोर

## मंदिरों के फूलों से अगरबत्ती, धूपबत्ती और सुगंधित मोमबत्ती बनाने की योजना

## बल्क वेस्ट के लिए निजी एजेंसी, सीवेज प्लांट की क्षमता बढ़ाने का प्रस्ताव

**यूनिक समय, मथुरा।** शहर में सफाई व्यवस्था को मजबूत करने के साथ कचरे को आय का जरिया बनाने की तैयारी की जा रही है। नगर निगम स्तर पर वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट लगाने की दिशा में काम चल रहा है। इसका उद्देश्य कचरे के निस्तारण के साथ उससे उपयोगी ऊर्जा तैयार करना है। मंदिरों से निकलने वाले फूलों के सदुपयोग की भी योजना बनाई जा रही है। फूलों से अगरबत्ती, धूपबत्ती और सुगंधित मोमबत्तियां तैयार करने के लिए निजी कंपनी से बातचीत चल रही है।

यह कहना है मथुरा- वृंदावन नगर निगम के नगर आयुक्त आइएएस ओजस्वी राज का। सोमवार को यूनिक समय के साथ विशेष बातचीत में उन्होंने बताया कि मथुरा और वृंदावन को खूबसूरत- स्वच्छ बनाने को जनता


ओजस्वी राज, नगर आयुक्त

का सहयोग सबसे जरूरी है, केवल निगम अकेले कुछ नहीं कर सकता है। उनका कहना था कि मंदिरों और होटलों, अन्य संस्थानों से निकलने वाला बड़ी मात्रा का कचरा सामान्य घर-घर कूड़ा संग्रहण व्यवस्था से नहीं उठाया जा सकता।

ऐसे बल्क वेस्ट के लिए निजी एजेंसी को जिम्मेदारी देने की योजना है। इससे जहां सफाई व्यवस्था बेहतर होगी, वहीं नगर निगम पर अतिरिक्त बोझ भी कम होगा। उन्होंने बताया कि गोशाला में संरक्षित गोवंशी के गोबर से आय बढ़ाने को भी योजना बनाई जा रही है, गोबर से अंत्येष्टि के काम वाली गोबर काष्ठ बनाएंगे, मशीनें आ गई हैं। नगर आयुक्त ने बताया कि एक दिन में अतिक्रमण नहीं हटाना है, इसक लिए शहर में नियमित अभियान चलाने की जरूरत है। दोबारा अतिक्रमण न हो, इसके लिए निरंतर निगरानी जरूरी है। दुकानों के बाहर सामान फैलाने और फुटपाथ घेरने वालों पर चालान किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सीवेज और कचरा उपचार संयंत्रों की क्षमता बढ़ाने की जरूरत है, ताकि बढ़ती आबादी को ध्यान में रखते हुए अगले 30–40 वर्षों की जरूरत पूरी की जा सके। इसके लिए शासन को प्रस्ताव भेजे गए हैं।

### जागरूकता के साथ कचरा फेंकने पर जुर्माना

नगर आयुक्त ओजस्वी राज के अनुसार, शहर में घर–घर कचरा संग्रहण की व्यवस्था लागू होने के बावजूद लोगों की आदतों में पूरी तरह बदलाव नहीं आया है। सड़क किनारे और सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने की शिकायतें लगातार सामने आती हैं। एक हजार घरों से कूड़ा उठवाने की व्यवस्था बनाई, लेकिन ढाई सौ घरों से कूड़ा मिला। बाकी ने घरेलू सफाई कर्मचारी को कूड़ा दिया। वैसे, जागरूकता अभियान चलाने के साथ खुले में कचरा फेंकने वालों पर जुर्माना भी लगाया जाएगा। लोगों से अपील की जा रही है कि वे तय व्यवस्था के तहत ही कचरा दें। उन्होंने वृंदावन की संकरी गलियों को सफाई के लिए बड़ी चुनौती बताया। कहा कि सुबह के समय के बाद कई क्षेत्रों में बड़े वाहनों की आवाजाही मुश्किल हो जाती है। ऐसे क्षेत्रों के लिए अलग व्यवस्था की जरूरत है।

# सर्राफ की दुकान से 10 किलो सोना, 15 लाख रुपये चोरी


चोरी की घटना के बाद घटनास्थल पर मौजूद लोग।

## भरत मिलाप चौक के सर्राफा बाजार में बड़ी वारदात, स्ट्रांग रूम की तिजोरी से माल ले गए चोर, डीवीआर भी साथ ले गए

## चोरी के विरोध में बाजार बंद एसएसपी ने खुलासे के लिए चार टीमें लगाईं, फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

**यूनिक समय, कोसीकलां।** भरत मिलाप चौक स्थित सर्राफा बाजार में चोरों ने सर्राफ की दुकान का ताला जलाकर स्ट्रांग रूम में रखी तिजोरी से करीब 10 किलो सोना और 15 लाख रुपये की नकदी पार कर दी। चोर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर भी साथ ले गए। सुबह दुकान खुलने पर वारदात का पता चला तो व्यापारियों में हड़कंप मच गया। घटना के विरोध में सर्राफा बाजार बंद रहा।

बल्देवगंज निवासी वरुण कुमार अग्रवाल अपने भाई अमित कुमार अग्रवाल के साथ दुकान पर सोने–चांदी का कारोबार करते हैं। पुलिस को दी तहरीर के अनुसार, रविवार रात करीब साढ़े नौ बजे दुकान बंद कर दोनों घर चले गए। सोमवार सुबह करीब साढ़े सात बजे वरुण अपने पिता और कर्मचारियों के साथ दुकान पहुंचे। शटर खोलने के बाद पीछे के कमरे में गए तो ताला जला हुआ मिला।

अंदर जाकर जांच की तो सीसीटीवी की डीवीआर गायब थी। इसके बाद स्ट्रांग रूम की तिजोरी खोली गई तो उसमें रखा करीब 10 किलो सोना और 15 लाख रुपये नहीं मिले। सूचना मिलते ही आसपास के व्यापारी एकत्रित हो गए और पुलिस को घटना की जानकारी दी।

जानकारी पर सीओ छाता, एसपी ग्रामीण सुरेश चंद रावत भी पहुंच गए। पुलिस ने फॉरेंसिंक टीम को भी बुलाया गया। चोरी के विरोध में कोसीकलां का सर्राफा बाजार बंद हो गया। पुलिस ने वरुन कुमार अग्रवाल की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।


घटनास्थल पर पीड़ित व्यापारी से घटना की जानकारी लेते सीओ आदि।

### एसएसपी ने खुलासे को जगाई चार टीमें

घटना की गंभीरता और खुलासे के लिए एसएसपी श्लोक कुमार ने चार पुलिस टीमें गठित की हैं। पुलिस ने वरुण कुमार अग्रवाल की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। उपलब्ध फुटेज में एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया है, पुलिस उसकी पहचान के साथ चोरों तक पहुंचने के प्रयास में जुटी है।

### झीने से भारी बैग लेकर उतरता दिखा युवक

**यूनिक समय, कोसीकलां।** भरत मिलाप चौक स्थित सर्राफा बाजार में चोरी के बाद एक सीसीटीवी वीडियो सामने आया है। इसमें सुबह 5:13 बजे संदिग्ध युवक जीने से उतरता दिख रहा है। उसने काली शॉल, नीली जींस और काले जूते पहन रखे हैं। पीठ पर भारी बैग और हाथ में प्लास्टिक थैला है। डीवीआर ले जाने से वारदात का सही समय स्पष्ट नहीं है। पुलिस वीडियो के आधार पर जांच कर रही है।

### घटनास्थल के नजदीक रहती है पुलिस पिकेट

**यूनिक समय, कोसीकलां।** बताया गया है कि जिस दुकान में करोड़ों रुपये की चोरी हुई है। वहीं सामने रात में पुलिस की पिकेट रहती है। दुकान में इस तरह पुलिस के नजदीक होने के बाद भी चोरी होना चोरों के हौंसले बताती है।

### चोरों ने छत के रास्ते किया होगा प्रवेश

**यूनिक समय, कोसीकलां।** इस बात की आशंका जाहिर की जा रही है कि दुकान के ऊपर बने मकान की छत के रास्ते चोरों ने प्रवेश किया होगा। जिस तरह चोरों ने दुकान में चोरी करने के बाद चाबियों से ताले खोल कर चोरी की, उससे इस बात की शंका होती है कि चोर दुकान के बारे में अच्छी जानकारी रखते थे।

### बाजार बंद व्यापारियों में आक्रोश

करोड़ों रुपये की चोरी से व्यापारियों में आक्रोश फैल गया। सर्राफा बाजार के कारोबारियों ने दुकानें बंद कर पुलिस से जल्द खुलासा करने और बाजार की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की सूचना पर सीओ छाता और एसपी ग्रामीण मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए।


चोरी की घटना के बाद मौके पर मौजूद एसएसपी श्लोक कुमार, मंत्री प्रतिनिधि नरदेव चौधरी, पालिकाध्यक्ष धर्मवीर सिंह अग्रवाल।

# चोरी का खुलासा न होने पर बाजार बंद करने की दी चेतावनी

**यूनिक समय, कोसीकलां।** सर्राफा बाजार स्थित जुगल किशोर अमित कुमार सर्राफ की दुकान में हुई करोड़ों की चोरी की घटना के बाद भरत मिलाप चौक पर व्यापारियों की बैठक हुई। बैठक में पुलिस को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया गया है। बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि 24 घंटे के अंदर घटना का खुलासा कर चोरों को माल सहित नहीं पकड़ा गया तो गुरुवार से कोसीकलां का पूरा बाजार बंद रहेगा। व्यापारियों ने पुलिस अधिकारियों को चेतावनी दी कि सर्राफा बाजार में 24 घंटे पुलिस पिकैट की तैनाती की जाए।


सीसीटीवी कैमरे में कैद चोर।

# साड़ी फैक्ट्री में करंट लगने से इलेक्ट्रीशियन की मौत

## फैक्ट्री गेट पर परिवार के लोगों ने किया हंगामा

**यूनिक समय,मथुरा।** मसानी लिंक रोड स्थित साड़ी फैक्ट्री में कार्य कर रहा इलेक्ट्रीशियन करंट की चपेट में आ गया। साथियों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद फैक्टरी के बाहर पीड़ित परिजन ने हंगामा किया। पुलिस ने लोगों को शांत कर परिजनों को कार्रवाई का भरोसा दिया है।

पुलिस के अनुसार, साड़ी फैक्ट्री 26 अगस्त से बंद है। वहां पर विद्युत संबंधी कमियों को ठीक कराया जा रहा है। सोमवार को कासगंज के रामनगर निवासी इलेक्ट्रीशियन जसवीर सिंह अपने साथियों के साथ फैक्टरी में विद्युत संबंधी कार्य कर रहे थे। वहां काम करने के दौरान वह करंट की चपेट में आ गया। साथी उसे जिला अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जसवीर अपने परिवार के साथ गोविंद नगर क्षेत्र के सरस्वती कुंड के पास किराये पर रह रहे थे। हादसे की जानकारी मिलने पर परिजन मौके पर पहुंच गए। फैक्ट्री मालिक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभाला। परिजन ने फैक्ट्री मालिक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सीओ सिटी आशना चौधरी ने बताया है कि फिलहाल तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तहरीर मिलने पर फैक्ट्री की जाएगी।

# जेसीआई मथुरा रॉयल

## जेसी सप्ताह – सेवा के 7 दिन

2026 JCI Week
9-15 Sept 2026

### 9 सितम्बर निःशुल्क मैडीकल कैम्प


सर्वोदय हॉस्पीटल में 500 से अधिक मरीजों ने लिया लाभ

### 10 सितम्बर श्री गरूण गोविन्द उत्सव


फूल बंगला-पोशाक, साधू सेवा, भजन संध्या के साथ हुआ आयोजन

### 11 सितम्बर कला एवं गायन प्रतियोगिता


कृष्ण चन्द्र गाँधी सरस्वती विद्या मन्दिर के छात्र-छात्राओं ने की प्रतिभागिता

### 12 सितम्बर अन्न सेवा


रेलवे जंक्शन पर जरूरतमंद लोगों को भोजन वितरण किया

### 13 सितम्बर स्टील बोतल वितरण


श्रमिक बन्धुओं को प्लास्टिक के दुष्प्रभाव समझाते हुये स्टील बोतल वितरण

### 14 सितम्बर गऊ सेवा


कंकाली स्थित गौशाला में 100 से अधिक गायों हेतु गौसेवा एवं चारा व्यवस्था

## आज स्थानीय होटल में महान दिवस के साथ आज होगा समापन


**जेसी किशोर मित्तल**
होटल राधाकृष्णम
वृन्दावन


**जेसी संदीप अड्डूकी**
जगदीश ज्वैलर्स
अड्डूकी वाले
धौली प्याऊ, मथुरा


**जेसी अखिल गर्ग**
ए. बी. ट्रेडिंग
पंचवटी, मथुरा


**जेसी भरत गर्ग**
ए. बी. पायल
मण्डी रामदास, मथुरा


**जेसी नमित मित्तल**
विमल प्रेस
मथुरा


**जेसी दीपक शर्मा**
मनीष पेकर्स
मथुरा


**जेसी जितेन्द्र माहेश्वरी**
माहेश्वरी एसोसिएट्स
मथुरा


**जेसी सत्येन्द्र अग्रवाल**
यश इन्टरनेशनल
मथुरा


**जेसी अजय अग्रवाल**
रियल बिल्डकॉन
मथुरा


**जेसी अतुलकांत गर्ग**
रवि ज्वैलर्स
मथुरा


**जेसी सौरभ गर्ग**
ए.एस. एन्क्लेव्स
मथुरा


**जेसी भगवानदास वार्ष्णेय (अन्नू)**
अन्नू पायल, मथुरा


**जेसी प्रमोद गुप्ता**
गुप्ता कैटर्स
मथुरा


**जेसी नीरज गोयल**
पंकज फर्निशिंग हाउस
मथुरा


**जेसी गौरवकृष्ण गर्ग**
गोपालदास कैलाशचन्द्र सर्राफ
होली गेट, मथुरा


**जेसी सुबोध अग्रवाल**
दामोदर दास मुरारीलाल सर्राफ
मथुरा


**जेसी राजुलकांत गुप्ता**
कांत ग्रुप
मथुरा


**जेसी शरद गर्ग (तोती गुरू)**
शरद निकिल प्लांट
मथुरा


**जेसी अमर अग्रवाल (बिसावर वाले)**
एच. के. पायल
मथुरा


**जेसी राजकुमार गोयल**
गोयल ब्रदर्स
धौली प्याऊ, मथुरा

# टूरिस्ट बस ने एक्टिवा सवार सब्जी विक्रेता को कुचला,मौत

### वात्सल्य ग्राम के पास हादसे के बाद ग्रामीणों ने शव रखकर लगाया जाम बस में तोड़फोड़ कर चालक से की मारपीट

### तीन थानों का फोर्स पहुंचा सीओ ने संभाली स्थिति

### घंटों जाम में फंसे रहे वाहन, परिवार ने मुआवजे की मांग की

**यूनिक समय, वृंदावन।** मथुरा–वृंदावन मार्ग पर रविवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक्टिवा सवार सब्जी विक्रेता की मौत हो गई। वात्सल्य ग्राम के समीप गलत दिशा से आ रही टूरिस्ट बस ने एक्टिवा में सामने से टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिवार और ग्रामीण आक्रोशित हो गए और शव को सड़क पर रखकर मथुरा–वृंदावन मार्ग जाम कर दिया।


मृतक किशन का फाइल फोटो।


ग्रामीणों द्वारा की गई तोड़फोड़ के बाद पार्किंग में खड़ी क्षतिग्रस्त बस।

### शव सड़क पर रखकर लगाया जाम, बस में की तोड़फोड़

किशन की मौत की खबर मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। उन्होंने शव को मथुरा–वृंदावन मार्ग पर रखकर जाम लगा दिया। दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने परिवार को मुआवजा देने और बस चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। महिलाओं ने भी लाठियां लेकर सड़क पर मोर्चा संभाल लिया और वाहनों को निकलने नहीं दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजने का प्रयास किया तो ग्रामीणों ने विरोध शुरू कर दिया। देखते ही देखते हंगामा बढ़ गया। आक्रोशित लोगों ने सड़क किनारे लगाए गए ट्री गार्ड उखाड़ दिए। दुर्घटना करने वाली बस के शीशे तोड़ दिए और टायरों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। चालक के साथ जमकर मारपीट भी की गई।

### बस को बैक करते समय हुआ हादसा

दुर्घटना करने वाली टूरिस्ट बस के चालक लालू शर्मा का कहना है कि वह बरेली से 56 सवारियों को लेकर वृंदावन दर्शन कराने के लिए लेकर आया था। बस को बैक करने के दौरान स्कूटी टकरा गई, जिससे स्कूटी सवार की मौत हो गई।

अक्रूर निवासी किशन सिंह (38) पुत्र हरप्रसाद सब्जी का कारोबार करता था। परिजनों के अनुसार, रविवार सुबह वह एक्टिवा से प्रेम मंदिर के समीप पापड़ी चौराहे पर अपनी सब्जी की दुकान पर जा रहा था। इसी दौरान वात्सल्य ग्राम के पास सामने से आई टूरिस्ट बस ने उसकी एक्टिवा में टक्कर मार दी। हादसे में किशन गंभीर घायल हो गया, अस्पताल पहुंचने पर उसकी मौत हो गई।

### तीन थानों की पुलिस पहुंची सीओ ने संभाला मोर्चा

हंगामे की सूचना पर सीओ वृंदावन संदीप सिंह पहुंचे। वृंदावन, गोविंदनगर और जैंत थाने का पुलिस बल भी बुलाया गया। सीओ ने ग्रामीणों और परिजनों को समझाया, चालक के खिलाफ कार्रवाई और परिवार को हरसंभव आर्थिक सहायता का आश्वासन दिया। इसके बाद लोगों का गुस्सा शांत हुआ और पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

वहीं, बस चालक लालू शर्मा भी पिटाई की वजह से गंभीर घायल हुआ है। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया है। पोस्टमार्टम गृह पर मृतक के भाई किशोर ने बताया कि किशन सिंह के परिवार में चार बेटियां और एक बेटा है। वह परिवार का अकेला कमाने वाला था। उसकी मौत से परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।




## चालक को आई नींद की झपकी, बस ट्रक से टकराई

### दुर्घटना में ट्रक पलटा, बस चालक सहित आठ घायल

### पुलिस ने घायलों को सीएचसी नौहझील पहुंचाया

**यूनिक समय, सुरीर।** यमुना एक्सप्रेस-वे पर सोमवार भोर में नींद की झपकी के चलते सड़क हादसा हो गया। दिल्ली से लखनऊ जा रही एक बस आगे चल रहे ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में बस चालक -परिचालक समेत आठ लोग घायल हो गए।

सोमवार भोर में करीब पौने तीन बजे यमुना एक्सप्रेस-वे के नोएडा से आगरा जाने वाली लेन में माइलस्टोन 75 के पास दिल्ली से लखनऊ की ओर जा रही बस के चालक सुनील दत्त निवासी दिल्ली को अचानक नींद की झपकी आ गई, जिससे बस आगे चल रहे ट्रक से जा भिड़ी। बस की टक्कर से ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया।

हादसे में बस चालक सुनील दत्त और कंडक्टर को गंभीर चोटें आईं, जबकि बस में सवार अभय शुक्ला, बंटी शर्मा, सूची अग्रवाल, अमित अग्रवाल, शिवम सिंह और गोपाल भारद्वाज निवासी बारहठ भिंड, मध्य प्रदेश घायल हो गए। सूचना पर पीआरवी 6696 और चौकी इंचार्ज हरेंद्र सिंह तोमर व बाजना कट मोबाइल पुलिस मौके पर पहुंचे। सभी घायलों को एंबुलेंस से उपचार के लिए सीएचसी नौहझील भेजा गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर किनारे करा दिया, जिसके बाद एक्सप्रेस-वे पर यातायात व्यवस्था सुचारू हो गई।

## तीन माह से पति की तलाश में भटक रही पत्नी

### टेंपो चलाने वृंदावन गया था, लौटकर नहीं आया

### परिवार चलाने को अबोध बेटी को लेकर कर रही बेलदारी

**यूनिक समय, मथुरा।** तीन माह से गायब हुए टेंपो चालक की पत्नी उसकी तलाश में दरदर भटक रही है, लेकिन उसका कुछ पता नहीं लग रहा है।


लापता चालक भोला

कृष्णा नगर इलाके में रहने वाली महिला राजकुमारी ने बताया कि उसका पति भोला वृंदावन में टेंपो चलाता था। तीन महीने पहले वह घर से टेंपो चलाने के लिए वृंदावन गया, इसके बाद वह लौटकर नहीं आया। भोला की दो बेटियां है। एक आठ साल की है तो दूसरी नौ माह की है। राजकुमारी पति को तीन महीने से तलाश कर रही है। आज वह पोस्टमार्टम ग्रह पर पहुंची और अज्ञात लाशों में पति को तलाश रही थी,लेकिन उन में पति नहीं मिला। राजकुमारी ने बताया कि पति के इस तरह लापता होने के बाद बच्चों का पेट पालने के लिए वह बेलदारी करती है। छोटी बच्ची की वजह से उसे बेलदारी करने में भी दिक्कत होती है।

वह पति को रेलवे स्टेशन सहित अन्य स्थानों पर तलाश कर चुकी है। बेलदारी करने के कारण पति को तलाश करने में भी उसे दिक्कत हो रही है। पुलिस से भी पति को तलाश करने की गुहार लगा चुकी है।

### वृद्ध ने ट्रेन से कटकर गंवाई जान

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना राया क्षेत्र स्थित रेलवे ट्रेक पर एक वृद्ध ने ट्रेन के सामने कूद कर आत्महत्या करली। आत्महत्या करने के कारणों के बारे में जानकारी नहीं मिल सकी है। थाना राया के गांव आयरा खेड़ा निवासी वृद्ध विनोद कुमार (62) ने कल सायं राया–कासगंज रेलवे ट्रेक पर समाने आती ट्रेन के सामने कूद गया। ट्रेन वृद्ध को काटती हुई निकल गई। वृद्ध को इस तरह ट्रेन के सामने आते देख लोगों सकते में आ गए। पुलिस को भी इस बारे में पता लगा तो मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## पति से विवाद में महिला ने लगाई फांसी

### गुस्से में तीन बच्चों की भी नहीं की परवाह

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना हाईवे के नरहोली गांव में एक महिला ने बीती रात पति से हुए विवाद के चलते फांसी लगा कर आत्महत्या करली। महिला के शव को फांसी के फंदे पर लटका देख परिवार में हड़कंप मच गया।

थाना हाईवे के नरहोली निवासी भानू की उसकी पत्नी भावना (30) के साथ किसी बात को लेकर बीती रात विवाद हो गया। पति से हुए विवाद से आक्रोशित भावना ने अपने तीन बच्चों का भी ख्याल नहीं किया कि उसकी मौत के बाद बच्चों का क्या होगा। महिला ने बीती रात घर में फांसी का फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। घर में फांसी के फंदे पर लटके महिला के शव को देख घर में हड़कंप मच गया। पुलिस को भी इस बारे में सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवाने के बाद पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## अवैध तमंचा और कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, 13 सितंबर की रात उप निरीक्षक शिव कुमार शर्मा पुलिस टीम के साथ गश्त एवं चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान अमरनाथ आश्रम के पास कच्ची पटरी रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाले रास्ते पर एक युवक पुलिस को देखकर सकपका गया। संदेह होने पर पुलिसकर्मियों ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम संजय निवासी रतछत्री थाना वृंदावन बताया।

तलाशी लेने पर उसके पास से एक अवैध 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह भीड़भाड़ वाले स्थानों पर लूट और चोरी जैसी वारदात के दौरान लोगों को डराने–धमकाने के लिए तमंचा अपने पास रखता था।



# गणपति बप्पा के जयकारों से गूंजी कान्हा की नगरी



सोमवार को दशभुजी गणेश का अभिषेक करते सेवायत।



सोमवार को अभिषेक के बाद प्राचीन मोटा गणेश।

## महाराष्ट्र गणेश उत्सव समिति ने स्थापित की गणेश प्रतिमा

## दशभुजी गणेश का पंचामृत महाभिषेक कर मनाया गणेश चतुर्थी महोत्सव

## मोटा गणेश मंदिर में हुआ अभिषेक

**यूनिक समय, मथुरा।** सोमवार को गणेश चतुर्थी पर कान्हा की नगरी गणपति बप्पा के जयकारों से गूंज उठी। मथुरा–वृंदावन के प्राचीन गणेश मंदिरों में सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। भक्तों ने भगवान गणेश का पूजन–अर्चन कर मोदक अर्पित किए। शहर में जगह–जगह पंडाल सजाकर गणेश प्रतिमाओं को विधि–विधान से विराजमान कराया गया।

सुबह से ही शहर और कस्बों में धार्मिक वातावरण दिखाई दे रहा था। सार्वजनिक स्थानों पर सजाए गए पांडालों में भगवान गणेश की प्रतिमाओं को पूजा- अर्चना के साथ विराजमान करने का क्रम शुरू हुआ। घंटे-घटियालों से माहौल पुलकित हो रहा था। शहर के अलावा कोसीकलां, छाता, बरसाना, नंदगांव, गोवर्धन, सौंख, फरह, राया, मांट, नौहझील और सुरीर, बाजना आदि कस्बों में भगवान गणेश की जय- जयकार सुनाई दी। पांडालों के अलावा घरों में भी बप्पा को विराजमान किया गया।



प्राचीन गणेश टीला मंदिर में भगवान गणपति का जन्म महोत्सव श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। वैदिक परंपराओं एवं वेद ध्वनियों के मध्य भगवान गणेश का पंचामृत अभिषेक संपन्न हुआ, जिसमें संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मंदिर के महंत देवकी नंदन चतुर्वेदी ने सर्वप्रथम गंगाजल से भगवान गणपति का जलाभिषेक किया। इसके बाद दूध, दही, घी, शहद और बूरे से विधि–विधानपूर्वक पंचामृत अभिषेक कराया गया। मंदिर परिसर में शहनाई वादन और बधाई गायन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

चौबिया पाड़ा में विराजमान महागणपति दशभुजी गणेश का गणेश चतुर्थी महोत्सव सोमवार को श्री दशभुजी गणेश सेवा समिति के तत्वावधान में मनाया गया। श्रीजी पीठाधीश्वर ठाकुरजी बाबा के सानिध्य में श्रीजी पीठाचार्य मनीष बाबा और कपिल बाबा ने मध्यान्ह में महागणपति का पंचामृत महाभिषेक किया। इसके बाद षोडशोपचार पूजन, तिल से सहस्त्रार्चन, दिव्य श्रृंगार और पुष्प बंगला धारण कराया गया।

रात्रि में श्रीजी पीठाचार्य मनीष बाबा ने आरती- पुष्पांजलि कर उत्सव का विश्राम किया। कपिल बाबा ने बताया कि मथुरा में विराजमान दशभुजी गणेश को दस भुजाओं वाले महागणपति के रूप में विशेष माना जाता है। मंगलवार शाम पांच बजे से श्रद्धालुओं को दशभुजी गणेश के छप्पन भोग के दर्शन होंगे। आयोजन में मनीष चतुर्वेदी, कुलदीप चतुर्वेदी, आशीष बाबा, दीपक, भास्कर बाबा, आचार्य उपेंद्र चतुर्वेदी, भैया चतुर्वेदी सहित भक्त मौजूद रहे।

वृंदावन के प्राचीन मोटा गणेश मंदिर में मंगला आरती के साथ उत्सव शुरू हुआ। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच दूध, दही, घी, शक्कर और शहद से भगवान गणेश का पंचामृत अभिषेक किया गया। सिंदूर चढ़ाकर आकर्षक श्रृंगार किया गया। उत्सव के दौरान गणेशजी की शोभायात्रा भी निकाली गई, जिसमें आधा दर्जन से अधिक झांकियां शामिल रहीं। लोई बाजार में श्री गणपति सेवा समिति ने 17 वें गणपति महोत्सव का शुभारंभ किया। पंडाल में गणेश प्रतिमा स्थापित कर वैदिक मंत्रों के बीच पूजन कराया गया। समिति संस्थापक वैभव अग्रवाल ने बताया कि चार दिवसीय महोत्सव में जादू शो, रक्तदान शिविर, मंचीय कार्यक्रम, महाआरती और डांडिया नाइट होंगी। अंतिम दिन शोभायात्रा निकाली जाएगी।

गणेश चतुर्थी पर महाराष्ट्र गणेश उत्सव समिति ने छत्ता बाजार स्थित होली वाली गली में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की।

महाराष्ट्र निवासी परिवारों और स्थानीय लोगों की सहभागिता से आयोजित उत्सव में छह दिन पूजा–अर्चना होगी। इस दौरान भजन संध्या, छप्पन भोग सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम होंगे। अध्यक्ष गोपाल जाधब, आकाश पाटिल, वैभव शिंदे, सुहास पाटील, विनायक माने, जितेंद्र पाटील सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# ध्रुपद–धमार की स्वर लहरियों से गूंजा वृंदावन

**यूनिक समय, वृंदावन।** श्री स्वामी हरिदासीय राधा प्रसाद सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित रसिक अनन्य नृपति श्री स्वामी हरिदास जी महाराज के 546वें आविर्भाव महोत्सव का द्वितीय दिवस भक्ति, संगीत और आध्यात्मिकता से सराबोर रहा। इस दौरान आयोजित ध्रुपद–धमार संगीत समारोह एवं भजन संध्या में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, संत–महात्माओं और संगीत प्रेमियों ने भाग लिया।



स्वामी हरिदास का पुष्प अभिषेक करते संत और महंत।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातःकालीन सत्र में स्वामी हरिदास के पुष्प अभिषेक से हुआ। इसके बाद ध्रुपद–धमार शैली में राधा–कृष्ण और स्वामी हरिदास की महिमा का गुणगान किया गया। ग्वालियर से आईं रजनी शर्मा और जयपुर के बाल गायक यश और राज ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्रोताओं ने कलाकारों की प्रस्तुतियों की मुक्त कंठ से सराहना की।

महंत मोहिनी बिहारी शरण ने कहा कि भारतीय शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में स्वामी हरिदास का योगदान अतुलनीय है। उन्होंने भक्ति संगीत को नई ऊंचाइयां देने के साथ तानसेन जैसे महान संगीतज्ञ को भी दिशा प्रदान की।

सायंकाल दिल्ली से आईं सुप्रसिद्ध भजन गायिकाओं ममता सांवरिया और दया चंद ने भजन संध्या में भक्ति रस की छटा बिखेरी। 'राधे–राधे जपो चले आएंगे बिहारी' सहित ब्रज रस से ओतप्रोत भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। परिसर राधा–कृष्ण और स्वामी हरिदास जी के जयघोष से गूंजता रहा। ट्रस्ट पदाधिकारियों के अनुसार, सात दिवसीय महोत्सव में आगामी दिनों में महाआरती, कवि सम्मेलन, संत समागम, सांस्कृतिक कार्यक्रम और विशाल भंडारे सहित विभिन्न आयोजन होंगे। कार्यक्रम में हरीओम शास्त्री, उमेश, पुरुषोत्तम, नवल सखी, प्रिया शरण, योगेश, हनी, शिवम, अविलाख, कृष्णा, सूरज आदि मौजूद रहे।

## महिला की संदिग्ध मौत

**यूनिक समय मथुरा।** कोतवाली क्षेत्र स्थित रामनगर कॉलोनी में संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला की मौत हो गई। इस बात की चर्चा है कि महिला की उसके देवर आदि ने हत्या कर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली के रामनगर कॉलोनी में रहने वाली महिला रिंकी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## 568 ग्राम गांजा बरामद एक आरोपी गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना जमुनापार पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को 568 ग्राम अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, 12 सितंबर की रात विकास कुमार चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान तिवारी पुरम यमुना रेलवे पुल के पास एक युवक हाथ में थैला लिए दिखाई दिया। संदेह होने पर पुलिस ने पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम नेहना उर्फ रंजीत, निवासी आंबेडकर नगर कॉलोनी थाना जमुनापार बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से 568 ग्राम गांजा बरामद हुआ।




# जेसीआई मथुरा ने बच्चों को बांटे टिफिन और पानी की बोतल



जेसीआई मथुरा के कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी और शिक्षक आदि।

## जस्टिस फॉर चिल्ड्रन में बच्चों ने प्रस्तुतियां दीं, सदस्यों ने साझा की खुशियां

**यूनिक समय, मथुरा।** जेसीआई मथुरा की ओर से जेसी सप्ताह के तहत पांचवां कार्यक्रम जस्टिस फॉर चिल्ड्रन पन्ना पोखर में आयोजित किया गया। अध्यक्षता मनोज अग्रवाल सर्राफ ने की। संयोजक मनीष गुंजन अग्रवाल (माला वाले) और यश वाणी गुप्ता रहे, जबकि संचालन यश वाणी गुप्ता ने किया।

इस दौरान बच्चों को पानी की बोतल और टिफिन बॉक्स वितरित किए गए। बच्चों के लिए विभिन्न व्यंजनों की व्यवस्था भी की गई। बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। विद्यालय के संस्थापक सतीश शर्मा ने आयोजन के लिए जेसीआई सदस्यों का आभार जताया। कार्यक्रम में नितिन अग्रवाल (ब्रजवासी), मनीष अग्रवाल, वरुण, नेहा गर्ग, संदीप अग्रवाल, प्रभात अग्रवाल, अभिषेक, पूजा, सुशील गर्ग, कपिल बंसल, राजकुमार, मोहिनी अग्रवाल, गोरुल और यति गर्ग आदि मौजूद रहे।

# श्री रामकृष्ण संकीर्तन मंडल के अध्यक्ष बने शरद खंडेलवाल, 21 सदस्यीय कार्यकारिणी गठित

**यूनिक समय, कोसीकलां।** श्री रामकृष्ण संकीर्तन मंडल का वार्षिक चुनाव रविवार देर रात सत्संग भवन ब्रह्मानपुरी में संपन्न हुआ। चुनाव में सर्वसम्मति से शरद खंडेलवाल को अध्यक्ष चुना गया, जबकि कन्हैयालाल पालीवाल को मंत्री, शिवहरि भगत को कोषाध्यक्ष और डॉ. बलराम को संयोजक की जिम्मेदारी दी गई। 21 सदस्यीय कार्यकारिणी का भी निर्विरोध गठन किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष शरद खंडेलवाल ने कहा कि मंडल का लक्ष्य सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाना और कीर्तन के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को भक्ति भाव से जोड़ना है।

मंडल द्वारा प्रत्येक सप्ताह साप्ताहिक कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने नगरवासियों से आह्वान किया कि वे जन्मदिन जैसे मांगलिक अवसरों पर भी अपने परिवार में कीर्तन का आयोजन कराएं, ताकि घर–घर में भक्ति और संस्कारों का वातावरण बने।

**यूनिक समय**

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित।

**कार्यालयः–** यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा।

संपादक–पवन गौतम

**फोन नंबर–0565–3550761**

**मो. 9837155888**

E-mail : uniquesamaynews@gmail.com

website : uniquesamay.com

RNI-UPHIN/2023/85053

DAVP-: 134220

डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026–28

सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा।

## सार्वजनिक नोटिस

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्लॉट नं0 46ए, 46बी व 45 का भाग जो आपस में मिले हैं वह मौजा गणेशरा अँदरून महेन्द्र नगर कॉलोनी में स्थित है, जिसका खसरा नं0 671, कुल क्षेत्रफल 93.22 वर्गमीटर है कि विक्रय दिनांक 25/03/2013 को श्री सुभाष गुलाटी S/o O.P. गुलाटी से फतेह सिंह S/o श्री रामजीलाल व श्रीमती गायत्री देवी पत्नी श्री फतेह सिंह के पक्ष में उप रजिस्टार कार्यालय मथुरा के समक्ष पुस्तक सं0 1, जिल्द संख्या 9361 के पृष्ठ सं0 133 से 154 तक के पंजीबद्ध क्रमांक संख्या 5709 पर दर्ज है। जिसका असल प्रलेख कहीं खो गया है। अब इस सम्पति को श्रीमती आरती Aditya Birla Housing Finance Limited मथुरा से क्रय करने हेतु प्राप्त कर रहे हैं। खोई हुई वस्तु की जानकारी रिपोर्ट संख्या 2026000929535 दिनांक 13/09/2026 यूपी पुलिस द्वारा पंजीकृत है और आपके संदर्भ के लिए संलग्न है। अत: सूचित किया जाता है कि इस आवेदन के विरुद्ध किसी व्यक्ति–विशेष अथवा कोई बैंक संख्या अथवा विक्रय पत्र में हित रखता हो तो इस प्रकाशन के 7 दिन के अंदर ऊपर लिखे कार्यालय में दस्तावेज सहित संपर्क/ सूचित कर सकता है। 7 दिन के बाद के बाद कोई क्लेम मान्य नहीं होगा।

# अब स्कूल नहीं, बोर्ड कराएगा विज्ञान गृह विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा

## हाईस्कूल के विद्यार्थियों का 30 अंकों का होगा प्रायोगिक परीक्षण, अंक सीधे अंतिम अंकपत्र में जुड़ेंगे

**यूनिक समय, मथुरा।** माध्यमिक विद्यालयों में हाईस्कूल के विद्यार्थियों की विज्ञान और गृह विज्ञान विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा अब विद्यालय स्तर पर नहीं होगी।

इन दोनों विषयों की 30 अंकों की प्रयोगात्मक परीक्षा माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से कराई जाएगी। परीक्षा में प्राप्त अंक विद्यार्थियों की अंतिम अंकतालिका में सीधे शामिल किए जाएंगे। नई व्यवस्था से प्रयोगात्मक परीक्षा में एकरूपता और पारदर्शिता आने की उम्मीद है।

जिले के माध्यमिक विद्यालयों में हाईस्कूल स्तर पर करीब 35 हजार छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। अब तक विज्ञान समेत विभिन्न विषयों में प्रयोगात्मक कार्य का आंतरिक मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर पांच पाइंट स्केल ग्रेडिंग के आधार पर किया जाता था। विज्ञान के प्रयोगात्मक कार्यों का मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर होने के कारण कई विद्यालयों में प्रायोगिक गतिविधियों की गुणवत्ता प्रभावित होने की शिकायतें सामने आती रही हैं।

जिला विद्यालय निरीक्षक राघवेंद्र सिंह ने बताया कि हाईस्कूल स्तर पर विज्ञान और गृह विज्ञान विषय की 30 अंकों की प्रयोगात्मक परीक्षा अब माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से आयोजित की जाएगी। इससे विद्यार्थियों के प्रयोगात्मक ज्ञान का निर्धारित मानकों के आधार पर मूल्यांकन किया जा सकेगा।

उन्होंने बताया कि विज्ञान और गृह विज्ञान के अलावा अन्य विषयों में प्रयोगात्मक कार्यों का आंतरिक मूल्यांकन पूर्व की व्यवस्था के अनुसार ही किया जाएगा।

इसमें पांच पाइंट स्केल ग्रेडिंग के आधार पर विद्यार्थियों के प्रयोगात्मक कार्यों का मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर होगा। नई व्यवस्था के बाद विद्यार्थियों को प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए निर्धारित प्रक्रिया और मानकों के अनुसार तैयारी करनी होगी।

बोर्ड स्तर से परीक्षा होने के कारण मूल्यांकन में विद्यालयवार अंतर की संभावना भी कम होगी।

# ताइक्वांडो चैंपियनशिप में रोमेक्स स्कूल ने जीते 31 पदक



ताइक्वांडो चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के साथ प्रधानाचार्य, प्रबंधक आदि।

## 14 स्वर्ण और 17 रजत पदक जीतकर विद्यार्थियों ने बढ़ाया विद्यालय का गौरव

## कोच कंचन के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने दिखाया शानदार खेल कौशल प्रधानाचार्य ने दी बधाई

**यूनिक समय, मथुरा।** द्वितीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में रोमेक्स इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 31 पदक अपने नाम किए। इनमें 14 स्वर्ण और 17 रजत पदक शामिल हैं। विभिन्न आयु वर्गों में खिलाड़ियों ने अनुशासन, आत्मविश्वास और बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन किया।

स्वर्ण पदक जीतने वालों में लक्ष्य चौहान, सोनाक्षी चौधरी, प्रिंस चौधरी, अव्यान कुमार, निषांत सिंह, अक्षता शर्मा, निधि चौधरी, आर्यन, दीक्षा राघव, यांश गोला, लोवकुश, वंश चौधरी, दिव्यांशी चौहान और आरव गौतम शामिल रहे। वहीं आदित्य वाजपेयी, दक्ष राज सिंह, समर सिंह, विप्लव सिंह, दक्ष ठाकुर, गौरी सिंह, जिग्यांशी निमौरिया, प्रीत गुर्जर, निशांत बघेल, सुभी, अमन राजपूत, पीयूष चौधरी, तरुण राणा, तेजस्वी, हार्दिक दांदोतिया, उमंग पाठक और मयंक रजावत ने रजत पदक जीते।

खिलाड़ियों की सफलता में ताइक्वांडो कोच कंचन का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने तकनीक, फिटनेस, अनुशासन और आत्मविश्वास पर विशेष ध्यान देकर खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के लिए तैयार किया। प्रधानाचार्य डॉ. प्रिया चौधरी ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी मेहनत, लगन और अनुशासन का परिणाम है। डायरेक्टर कृष्णा चौधरी ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। चेयरमैन एसपी सिंह ने सभी पदक विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# जेसीआई मथुरा सिटी ने मनाया 'आए कन्हाई हमारे अंगना' उत्सव



जेसीआई मथुरा सिटी के कार्यक्रम में शामिल पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** जेसीआई मथुरा सिटी की ओर से जेसी सप्ताह के अंतर्गत रविवार को स्थानीय होटल में 'आए कन्हाई हमारे अंगना' बधाई उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ठाकुरजी के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ।

श्री कृष्ण संकीर्तन मंडल के रसिकों ने मधुर भजन और बधाई गीत प्रस्तुत किए। भजनों की भावपूर्ण प्रस्तुति से वातावरण भक्तिमय हो गया और सदस्य झूमने पर मजबूर हो गए। रसिक कलाकार हेमंत कसेरे, विजय खंडेलवाल और जीतू गर्ग आढ़तिया ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांधा। संचालन राधा रमन मार्बल की ओर से किया गया। आयोजकों में रुक्मणी राधा रमन अग्रवाल, दीक्षिता गुलशन खंडेलवाल, पायल हिमांशु गोयल सुतिया, शिखा विनीत अग्रवाल, कृतिका अग्रिम अग्रवाल और रिद्धिमा रुपेश अग्रवाल शामिल रहीं। इस अवसर पर संतोष अग्रवाल, गोविंद अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, गोपाल बिसावर, विकास सोरा, सुशील अग्रवाल, मोहनलाल दानी, तन्मय खंडेलवाल, राहुल सुतिया, अखिलेश गौतम, रेखा अग्रवाल, प्रेरणा अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, अंशु अग्रवाल, सोनल अग्रवाल, सोनम अग्रवाल और अनुभा गोयल आदि मौजूद रहे।

# जेसीआई मथुरा ने कराई ड्रॉइंग प्रतियोगिता



जेसीआई मथुरा के कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी।

## जेसी वीक के तहत विद्यार्थियों ने दिखाई रचनात्मकता, आकर्षक चित्रों ने मन मोहा

**यूनिक समय, मथुरा।** जेसीआई मथुरा की ओर से जेसी वीक के तहत 13 सितंबर को ध्रुव मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल में ड्रॉइंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लेकर विभिन्न विषयों पर आकर्षक चित्र बनाए और अपनी कल्पनाशीलता और कला प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मक सोच, कल्पनाशक्ति और चित्रकला के प्रति रुचि को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में जेसीआई मथुरा के अध्यक्ष जेसी संजीव अग्रवाल, आईपीपी जेसी विशाल गोयल, सचिव जेसी प्रदीप अग्रवाल, कोषाध्यक्ष जेसी अतुल अग्रवाल, चेयरपर्सन लेडी जेसी शिखा बंसल, लेडी जेसी उपासना गुप्ता, जेसी बांके वर्मा और जेसी उमेश गोयल जोहरी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम संयोजक जेसी बसंत सिंघल (चावल वाले) रहे। उन्होंने आयोजन में सहयोग करने वाले विद्यार्थियों और विद्यालय परिवार का आभार जताया। प्रतियोगिता ने बच्चों को कला के माध्यम से अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर दिया।

# यारी ऑन रील्स में सखियों ने बिखेरे दोस्ती के रंग



क्रिएटिव फ्रेंड्स ग्रुप की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी।

## गीत-संगीत और नृत्य की प्रस्तुतियों ने बांधा समां तृप्ती-रिचा बनीं विजेता

**यूनिक समय, मथुरा।** क्रिएटिव फ्रेंड्स ग्रुप की ओर से हीराकुंज रेजीडेंसी में 'यारी ऑन रील्स' कार्यक्रम आयोजित किया गया। 'डिफरेंट टुगेदर' और 'बेस्ट फ्रें ड फॉरएवर' थीम पर सखियों ने जोड़ी बनाकर गीत-संगीत और नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।

कार्यक्रम की आतिथ्यकर्ता शिल्पी, रिंकल और पलक रहीं। अंशु, अनु, आभा, सीमा, वंदना, आरती, कनिका, डिंपल, बबीता, मोनिका, पलक, प्रीति सोनी, विनीता, सोनिया, शिवांगी, दीप्ति, मिथिलेश तोमर, विनीशा, रागिनी, बीना, नीता, कल्पना, आरती कपूर, आरती गुप्ता, निशि, दीपा, रचना अरोड़ा और रुचि गुप्ता ने प्रस्तुतियों से माहौल उत्साहपूर्ण बना दिया। निर्णायक चीनू जैन और प्रीति अग्रवाल ने तृप्ती और रिचा को प्रथम घोषित कर पुरस्कृत किया। संस्थापिकाओं अर्चना अग्रवाल और नीला अग्रवाल ने प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। संचालन शिल्पी, रिंकल और पलक ने किया।

# सेवा कार्यों के साथ भार्गव महिला सभा ने मनाई हीरक जयंती



भार्गव महिला सभा के कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** भार्गव महिला सभा की स्थापना के 60 वर्ष पूरे होने पर सप्त दिवसीय हीरक जयंती समारोह आयोजित किया गया। सात दिनों में नंदोत्सव, रक्तदान शिविर, पौधरोपण, दिव्यांग बच्चों को फल वितरण, कुष्ठ आश्रम में भोजन और अपना घर में जलपान जैसे सेवा कार्य किए गए।

समापन अवसर पर अध्यक्ष मनीषा भार्गव की अध्यक्षता में सांस्कृतिक संध्या हुई। मुख्य अतिथि दिल्ली की नीरा भार्गव रहीं। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

सदस्यों ने नृत्य-नाटिका के माध्यम से सभा की 60 वर्ष की यात्रा और उपलब्धियों को प्रस्तुत किया। गीत, नृत्य और महारास की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। संस्थापिका सदस्यों का सम्मान भी किया गया।

सचिव कीर्ति ने आयोजन में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों का आभार जताया। मुख्य अतिथि ने संस्था की सेवा गतिविधियों और उपलब्धियों की सराहना की। कायक्रम में दीपा, मालती, सरिता, पूनम, उषा, उर्वशी, दीपिका, नीतू, अनुभा, कविता, अंजलि, अंजू, चित्रा, गरिमा, नूतन, सीमा, शीतल और कोमल आदि का सहयोग रहा।

# सफलता के लिए ज्ञान के साथ अच्छे संस्कार जरूरी: चित्रा माताजी

## आरएटीएम में 'सफलता के रहस्य' विषय पर अतिथि व्याख्यान, विद्यार्थियों को आध्यात्मिकता और नैतिक मूल्यों से जुड़ने का संदेश

**यूनिक समय, मथुरा।** राजीव एकेडमी फॉर टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट (आरएटीएम) के प्रशिक्षण और प्लेसमेंट विभाग, बीबीए विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'सफलता के रहस्य' विषय पर अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। वृंदावन स्थित चन्द्रोदय मंदिर की आध्यात्मिक वक्ता हर ग्रेस चित्रा माताजी ने बीबीए तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को सफलता के साथ चरित्र निर्माण, मानसिक शांति और नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।




छात्र-छात्राओं को नैतिक मूल्यों की जानकारी देते हुए आध्यात्मिक वक्ता हर ग्रेस चित्रा माताजी।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण और मधुर कीर्तन से हुआ। चित्रा माताजी ने कहा कि विद्यार्थी जीवन भविष्य की नींव तैयार करने का समय है। केवल किताबी ज्ञान सफलता के लिए पर्याप्त नहीं है। अनुशासन, विनम्रता, कृतज्ञता, सकारात्मक सोच और निरंतर प्रयास जीवन में आगे बढ़ने के लिए जरूरी हैं।

उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़े विनम्रता, ज्ञान और निःस्वार्थ सेवा जैसे मूल्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि वास्तविक सफलता केवल धन और पद हासिल करने में नहीं, बल्कि आंतरिक शांति और अच्छे चरित्र में है। उन्होंने विद्यार्थियों को असफलताओं से सीख लेकर आगे बढ़ने, अपने लक्ष्य के प्रति धैर्य बनाए रखने का संदेश दिया।

कीर्तन और ध्यान के माध्यम से तनाव कम करने और एकाग्रता बढ़ाने के उपाय भी बताए गए। संस्थान के चेयरमैन डॉ. रामकिशोर अग्रवाल ने कहा कि विद्यार्थियों का उज्ज्वल भविष्य शैक्षणिक ज्ञान के साथ अच्छे संस्कार और चरित्र से बनता है। निदेशक डॉ. अमर कुमार सक्सेना ने कहा कि नैतिक मूल्य, अनुशासन और सकारात्मक सोच विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं।

# 960 ग्राम गांजा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना हाईवे पुलिस ने चेकिंग के दौरान 960 ग्राम अवैध गांजा बरामद करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, 13 सितंबर की रात पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त और संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग कर रही थी।

इसी दौरान माल गोदाम रोड से रेलवे लाइन की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते पर एक संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल से आता दिखाई दिया। टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम श्यामसिंह निवासी गांव माहोली, थाना हाईवे बताया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से प्लास्टिक की काली पॉलीथिन में 960 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने स्प्लेंडर मोटरसाइकिल भी सीज कर दी।

# दोस्त ने ही दोस्त के सीने में मारी गोली, फिर पुलिस को किया फोन

## 28 हजार रुपये के लेनदेन को लेकर हुआ विवाद

## आरोपी गिरफ्तार तमंचा और कारतूस बरामद



दोस्त को गोली मारने वाला आरोपित आर्यन।

**यूनिक समय, फरह।** थाना क्षेत्र के गांव परखम में सोमवार को रुपये के लेनदेन को लेकर दो दोस्तों के बीच विवाद हो गया। कहासुनी के दौरान आर्यन ने अपने दोस्त शिव कुमार के सीने में गोली मार दी। गोली लगने से शिव कुमार गंभीर घायल हो गए।

बताया गया कि शिव कुमार के करीब 28 हजार रुपये आरोपी पर उधार थे। सोमवार को वह रुपये मांगने उसके पास पहुंचे थे। इसी दौरान दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर आरोपी ने तमंचे से शिव कुमार पर गोली चला दी। गोली सीने में लगने से वह मौके पर ही घायल होकर गिर पड़े।

परिजन और ग्रामीण घायल को तत्काल सीएचसी फरह लेकर पहुंचे। यहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए उन्हें आगरा के एसएन अस्पताल रेफर कर दिया। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद आरोपी ने खुद ही पुलिस को फोन कर वारदात की सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके कब्जे से तमंचा और कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और घटना के पीछे लेनदेन के अलावा अन्य कारणों की भी जानकारी जुटाई जा रही है।

# मंत्री हमारे भगवान नहीं, मिल चालू कराओ: ग्रामीण



छाता चीनी मिल शुरू कराने की मांग को बैठे पूर्व सैनिक और किसान।

**यूनिक समय, मथुरा।** बंद पड़ी छाता चीनी मिल को पुनः शुरू कराने की मांग को लेकर भूतपूर्व सैनिक किसानों का आंदोलन लगातार जोर पकड़ रहा है। सोमवार को गोवर्धन के गांव कोन्हई से बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और युवाओं का जत्था चीनी मिल स्थित धरना स्थल पर पहुंचा और आंदोलन को पूर्ण समर्थन दिया।

धरने में ग्रामीणों ने सरकार और जनप्रतिनिधियों के रवैये पर नाराजगी जताते हुए कहा कि मंत्री हमारे भगवान नहीं हैं, सरकार अपनी हठधर्मिता छोड़े। ग्रामीणों का कहना है कि मिल लंबे समय से बंद होने के कारण क्षेत्र के किसानों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। युवाओं और किसानों ने चेतावनी दी कि यदि चीनी मिल जल्द शुरू नहीं हुई तो आगामी विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ दल को राजनीतिक नुकसान उठाना पड़ेगा। उन्होंने मथुरा जिले की सभी विधानसभा सीटों पर इसका असर पड़ने की बात कही। धरने में पोहप सिंह, लोकपाल, केशव, पूरन, प्रकाश, गिर्राज, अर्जुन, परशुराम, ओमपाल, केके, मुन्नी, हीरा, कुन्ती, जमुना, लक्ष्मी और रुक्मणी सहित अन्य मौजूद रहे।

# आरएस स्टार्स झारखंड ने 58 रन से जीता केपीएल-3 का खिताब



खिलाड़ी को कार की चाबी सौंपते रालोद जिलाध्यक्ष प्रीतम चौधरी, ब्लॉक प्रमुख प्रतीक भरंगर।

**यूनिक समय, मथुरा।** क्रिकेट अकादमी फॉर एक्सीलेंस (सीएई) के तत्वावधान में आयोजित केपीएल-3 के फाइनल में आरएस स्टार्स झारखंड ने ब्लॉक बलदेव को 58 रन से हराकर खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम को चमचमाती स्विफ्ट कार पुरस्कार में मिली। मुख्य अतिथि प्रीतम सिंह प्रमुख, प्रतीक भरंगर और सुरेश भगत ने कप्तान विनय कुमार, टीम मालिक कुमार विजय और बादशाह को कार की चाबी सौंपी।

सीपी क्रिकेट स्टेडियम में टॉस जीतकर बलदेव ने पहले गेंदबाजी चुनी। आरएस स्टार्स ने 20 ओवर में 214/9 रन बनाए। अंश यादव ने 42, अलोक रतन ने 42, मोहद. अनस ने 17 गेंदों में 33 और सार्थक ने 16 गेंदों में 43 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए बलदेव की टीम 18.1 ओवर में 156 रन पर सिमट गई। रवि सिंह ने 53 रन बनाए, लेकिन अन्य बल्लेबाज टिक नहीं सके। अनस ने 33 रन बनाने के साथ चार ओवर में 30 रन देकर तीन विकेट लिए और प्लेयर ऑफ द मैच बने। यश व्यास और जैब रहमान ने दो-दो विकेट लिए।

अंपायर सतेंद्र सिंह, शमशाद अली रहे। कमेंटरी मनीष चौधरी और स्कोरिंग योगी चौधरी ने की। इस अवसर पर विवेक दुबे, जोरावर सिंह, रिंकू अग्रवाल, नीरज चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# बृज चिकित्सा संस्थान की नई कार्यकारिणी ने संभाला कार्यभार

## निवर्तमान पदाधिकारियों ने किया कार्य हस्तांतरण, नई समिति ने संस्था की व्यवस्थाओं पर किया मंथन

**यूनिक समय, मथुरा।** श्री अग्रवाल शिक्षा मंडल द्वारा संचालित बृज चिकित्सा संस्थान में नई कार्यकारिणी को कार्यभार हस्तांतरित किया गया। सादगीपूर्ण-सौहार्दपूर्ण वातावरण में निवर्तमान अध्यक्ष जितेंद्र गर्ग और अनुराग गर्ग ने नई कार्यकारिणी को कार्यभार सौंपा। इस दौरान नई समिति का स्वागत भी किया गया।

वर्तमान अध्यक्ष मट्टोमल अग्रवाल और सचिव अपूर्व अग्रवाल ने निवर्तमान कार्यकारिणी के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि संस्था की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए सभी पदाधिकारी मिलकर कार्य करेंगे। बैठक में संस्थान के सुचारू संचालन, व्यवस्थाओं और आगामी कार्ययोजना को लेकर विचार-विमर्श किया गया।



कार्यभार ग्रहण करते अध्यक्ष मट्टोमल अग्रवाल सचिव अपूर्व अग्रवाल।

इस अवसर पर उमेश जुगसना, उमेश गुरेरा, तनुज भारतीयता, नवीन गर्ग, राजेश गर्ग और शशिकांत जिंदल सहित अन्य पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। नई कार्यकारिणी ने संस्था के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने और चिकित्सा सेवाओं को प्रभावी बनाने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# डकैती की योजना बना रहे छह शातिर बदमाश गिरफ्तार

## कोसीकलां पुलिस को मिली सफलता, देशी रायफल और औजार बरामद

**यूनिक समय, कोसीकलां।** एसएसपी श्लोक कुमार के निर्देशन में अवैध शस्त्रों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने डकैती की योजना बना रहे छह शातिर बदमाशों को हथियारों सहित गिरफ्तार किया है।

प्रभारी निरीक्षक कमलेश सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सोमवार की सुबह गश्त कर रहे थे।

इसी दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि आधा दर्जन बदमाश किसी वारदात का अंजाम देने की फिराक में है। पुलिस ने पशुपति फैक्ट्री के पीछे नाले के पास कच्चे रास्ते पर घेराबंदी की। मौके से छह बदमाशों को दबोचा गया। जिनकी पहचान राजेन्द्र निवासी अजीत नगर, आस मोहम्मद निवासी सूती पाड़ा मोहल्ला, मुबीन निवासी जहानगढ़, नासिर निवासी जहानगढ़, साबिर निवासी जहानगढ़, सचिन निवासी जहानगढ़ टप्पल अलीगढ़ के रूप में हुई।





पुलिस हिरासत में पकड़े गए बदमाश।

पुलिस ने इनके कब्जे से एक देशी रायफल 315 बोर, दो चाकू, दो पेचकस, दो प्लास, दो रिंच, एक सरिया, एक सब्बल, गाड़ी के डैशबोर्ड से 2000 रुपये नकद और एक सफेद रंग की अर्टिगा कार बरामद की है। पुलिस ने सभी के खिलाफ के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# अवैध चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**यूनिक समय, बलदेव।** थाना पुलिस ने सोमवार देर रात चेकिंग के दौरान एक युवक को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, पुलिस को सूचना मिली कि निबरऊ पुलिया के रास्ते हनुमान तिराहे की ओर एक युवक अवैध हथियार लेकर जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने निबरऊ पुलिया के पास घेराबंदी की। पुलिस ने एक युवक को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह तेज कदमों से आगे बढ़ने लगा। पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम राहुल, निवासी ऊंचागांव, थाना सादाबाद, जिला हाथरस, बताया। तलाशी लेने पर उसकी जींस की जेब से एक अवैध चाकू बरामद हुआ।

# दहेज की मांग, पति समेत कई पर मुकदमा

**यूनिक समय, बलदेव।** थाना पुलिस ने दहेज की मांग, मारपीट, मानसिक-शारीरिक उत्पीड़न और जान से मारने की धमकी के आरोप में पति समेत ससुराल पक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। यह मुकदमा जूली पांडेय निवासी कठूमर जिला अलवर, राजस्थान की शिकायत पर दर्ज हुआ है। शिकायत में जूली पांडेय ने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही पति और ससुराल पक्ष के अन्य सदस्य उसके साथ मारपीट और मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न करते रहे। आरोप है कि समय-समय पर पैसों की मांग की गई और मांग पूरी नहीं होने पर उसे प्रताड़ित किया गया। शिकायत के अनुसार, 10 जुलाई को सुबह ससुराल पक्ष के लोगों ने उसके साथ दोबारा मारपीट की। मायके पक्ष के परिजन बचाने पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट की गई और सभी को जान से मारने की धमकी दी गई। मामले में थाना पुलिस ने दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप

**यूनिक समय, बरसाना।** थाना पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को दी गई तहरीर में गांव बदनगढ़ निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी करीब 15 वर्षीय भतीजी दो सितंबर को सुबह करीब आठ बजे श्रीकृष्ण चैतन्य इंटर कॉलेज नंदगांव पढ़ने गई थी। आरोप है कि गांव का वीरपाल उसे स्कूल के बाहर से बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। उसी दिन शाम को किशोरी को गांव के बाहर छोड़ दिया गया। इसके बाद वह काफी सहमी हुई है। मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मकान के बाहर खड़ी बाइक चोरी, मुकदमा दर्ज

**यूनिक समय, छाता।** कस्बा हरनाथिया थोक निवासी खेमा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 27 अगस्त को सुबह करीब 10:50 बजे वह अपने परिचित लोकेश से स्प्लेंडर मोटरसाइकिल मांगकर अपने घर आया था। मोटरसाइकिल को अपने दरवाजे के बाहर खड़ा कर घर के अंदर चला गया। कुछ देर बाद बाहर आने पर मोटरसाइकिल वहां नहीं मिली। उसने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# युवती ने पुल से लगाई यमुना में छलांग

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना यमुनापार स्थित यमुना पुल से एक युवती ने यमुना में छलांग लगा दी। युवती को यमुना में छलांग लगाते देख पुल पर चलने वाले लोगों में हड़कंप मच गया। पुलिस को भी इस बारे में सूचना दी गई।

बताया गया कि सोमवार को यमुना पुल से एक युवती ने यमुना में अचानक छलांग लगा दी। युवती को इस तरह यमुना में कूदते देख सड़क पर चल रहे लोगों में हड़कंप मच गया। युवती यमुना के पानी में डूब गई। पुलिस को भी इस बारे में सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने यमुना में कूदी युवती की तलाश की। गोताखोरों ने भी युवती को तलाश किया,लेकिन समाचार लिखे जाने तक युवती का पता नहीं लग सका था। युवती की तलाश जारी है।

# पुलिस ने रिमांड पर लेकर अभियुक्त से तमंचा किया बरामद

**यूनिक समय, मथुरा।** वृंदावन पुलिस ने हत्या के प्रयास मामले में जिला कारागार में निरुद्ध अभियुक्त हेमंत उर्फ फौजी निवासी गौतमपाड़ा वृंदावन को पुलिस कस्टेडी रिमांड पर लेकर उसकी निशानदेही पर हत्या के प्रयास में प्रयुक्त किया गया देशी तमंचा और कारतूस बरामद किया है।

# मोबाइल टावर को लेकर लोगों में आक्रोश

**यूनिक समय, मथुरा।** बिरला मंदिर स्थित आनंद नगर कॉलोनी में मोबाइल टावर लगाए जाने के प्रस्ताव को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है। कॉलोनीवासियों ने प्रेमचंद शर्मा के प्लाट पर टावर नहीं लगाए जाने की मांग को लेकर डीएम की अनुपस्थिति में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। एसडीएम ने टावर नहीं लगाए जाने का आश्वासन दिया।

कॉलोनीवासियों ने ज्ञापन की प्रतियां सिटी मजिस्ट्रेट, एसएसपी और वन विभाग के डीएफओ को भी दीं और मामले से अवगत कराया। इस दौरान सुमित चतुर्वेदी, अज्जू यादव, दीपक शर्मा, पवन आनंद, राजेश शर्मा, सचिन शर्मा, सौरभ अग्रवाल, विजय अग्रवाल, माधव अग्रवाल, वेद प्रकाश शर्मा, सुनील अग्रवाल, नारायण प्रसाद शर्मा और मनोज शर्मा मौजूद रहे।

# हजारों का सामान जलकर राख

**यूनिक समय,सुरीर।** मीरपुर गांव में सोमवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक मकान के स्टोर में अचानक आग लग गई। आग से स्टोर में रखा हजारों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार मीरपुर निवासी मनीष कुमार का मीरपुर-हसनपुर तिराहे पर फल की दुकान है। दुकान से परिवार का पालन-पोषण करता है। सोमवार दोपहर करीब ढाई बजे घर के मुख्य गेट पर ताला लगाकर अपनी दुकान पर चले गए। इसी दौरान मकान के अंदर बने स्टोर में अचानक आग लग गई। घर से धुआं उठता देख आसपास के लोगों ने तत्काल परिजनों को सूचना दी। परिजन और ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक स्टोर में रखा सामान पूरी तरह जलकर राख हो चुका था।

# प्याज के दाम में अचानक आया उछाल, रसोई का बिगड़ा बजट

## तीन दिन में 50 से बढ़कर 60-70 रुपये किलो पहुंचा भाव

## नई फसल की आवक कम होने से फिलहाल राहत के आसार नहीं



**यूनिक समय, मथुरा।** रसोई का स्वाद बढ़ाने वाला प्याज अब घरों का बजट बिगाड़ने लगा है। स्थानीय बाजार में प्याज के दाम में अचानक तेजी आने से उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ गई है। तीन दिन पहले तक करीब 50 रुपये किलो बिकने वाला प्याज अब फुटकर बाजार में 60 से 70 रुपये किलो तक पहुंच गया है। अच्छी गुणवत्ता का प्याज सीमित मात्रा में उपलब्ध होने के कारण इसके दाम और अधिक बताए जा रहे हैं।

सब्जी मंडी के फुटकर विक्रेता जगदीश सिंह ने बताया कि नवीन मंडी में थोक भाव बढ़ने से प्याज महंगा मिल रहा है। इसके अलावा बाहर से प्याज मंगाने में लगने वाला भाड़ा और छंटाई के दौरान खराब निकलने वाली प्याज का नुकसान भी विक्रेताओं को उठाना पड़ रहा है।

यही वजह है कि अच्छी गुणवत्ता का प्याज 65 से 70 रुपये किलो तक बेचना पड़ रहा है।

दाम बढ़ने के बाद ग्राहकों ने खरीदारी कम कर दी है। पहले जहां लोग दो-तीन किलो प्याज ले जाते थे, वहीं अब जरूरत के हिसाब से ही खरीदारी कर रहे हैं।

### नासिक से आवक कम, राजस्थान की नई फसल का इंतजार

सब्जी विक्रेता राकेश के अनुसार, नासिक से प्याज की आवक फिलहाल कम है। राजस्थान से आने वाली नई फसल की खेप भी स्थानीय मंडियों में पर्याप्त मात्रा में नहीं पहुंची है। ऐसे में बाजार पुरानी और कोल्ड स्टोरेज में रखी प्याज पर निर्भर है। थोक मंडी में अच्छी गुणवत्ता का प्याज कम मिलने से कीमतों पर दबाव बना हुआ है। व्यापारियों का कहना है कि राजस्थान समेत अन्य क्षेत्रों से नई फसल की आवक बढ़ने के बाद ही बाजार में आपूर्ति सुधरने की उम्मीद है। तब तक प्याज के दाम में बड़ी राहत मिलने की संभावना कम है।




# जनगणना-2027 के लिए मथुरा के चार शिक्षक बने मास्टर ट्रेनर


सुधीर सोलंकी


बलवीर सिंह


गिरीश कौशिक


प्रकाश चंद

**यूनिक समय, मथुरा।** जनगणना-2027 के द्वितीय चरण में मथुरा के बेसिक शिक्षा विभाग के चार शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर बनाया गया है। जिलाधिकारी द्वारा बलवीर सिंह, गिरिश कौशिक, प्रकाश चंद और सुधीर सोलंकी को जनसंख्या गणना (पीई) के लिए नामित किया गया है। वे जनपद में प्रशिक्षण की गुणवत्ता, कार्यप्रणाली की एकरूपता और तकनीकी मार्गदर्शन सुनिश्चित करेंगे।

चारों शिक्षक जनगणना के प्रथम चरण हाउस लिस्टिंग में फील्ड ट्रेनर के रूप में कार्य कर चुके हैं। उनके अनुभव और दक्षता को देखते हुए यह जिम्मेदारी दी गई है। बलवीर सिंह को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में उत्कृष्ट कार्य के लिए सर्वश्रेष्ठ सुपरवाइजर के रूप में सम्मानित भी किया जा चुका है।

## द्वितीय चरण में देंगे प्रशिक्षण, तकनीकी दिक्कतों के समाधान की भी होगी जिम्मेदारी

चारों का चार दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण 16 से 19 सितंबर तक लखनऊ में होगा।

इसके बाद वे फील्ड ट्रेनरों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण देंगे। साथ ही प्रगणकों व पर्यवेक्षकों को मार्गदर्शन और मोबाइल एप से जुड़ी तकनीकी समस्याओं के समाधान में सहयोग करेंगे।

# मथुरा में 25-26 दिसंबर को होगा कला साधक संगम


बैठक में मौजूद संस्कार भारती के पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** कला और साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती ब्रज प्रांत का पंचम कला साधक संगम 25 और 26 दिसंबर को मथुरा में आयोजित होगा। आयोजन संस्कार भारती ब्रज प्रांत के तत्वावधान में मथुरा महानगर समिति करेगी।

मथुरा महानगर कार्यालय में हुई बैठक में संगम की घोषणा की गई। आयोजन में ब्रज प्रांत के 12 जिलों से लोक कलाकार, नृत्य और संगीत साधक, भू-अलंकरण कलाकार, चित्रकार, कवि और साहित्यकार शामिल होंगे। बैठक में सुरेंद्र सक्सेना को कला साधक संगम का संयोजक, शिव कुमार गुप्ता और चारु सिंघल को सह संयोजक नामित किया गया। पदाधिकारियों ने आयोजन को सफल बनाने के लिए तैयारियां शुरू करने पर सहमति जताई।

बैठक में अलीगढ़ से संस्कार भारती ब्रज प्रांत के अध्यक्ष संजय गोयल सीए, आगरा से महामंत्री नंद नंदन गर्ग, उपाध्यक्ष सुरेंद्र सक्सेना, मंत्री आलोक शर्मा अलीगढ़, संस्कार भारती मथुरा महानगर के मार्गदर्शक शिव कुमार गुप्ता, जय प्रकाश शर्मा, अध्यक्ष अनूप माहेश्वरी, कार्यकारी अध्यक्ष रेखा माहेश्वरी, महामंत्री भारत भूषण सिंघल, सह महामंत्री चारु सिंघल, कोषाध्यक्ष कृष्ण गोपाल सिंघल सहित मार्गदर्शक नीलम सक्सेना उपस्थित रहे।

# हिंदी पखवाड़े में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा, विजेताओं का सम्मान


हिंदी पखवाड़े में विजेता छात्राओं के साथ शिक्षक आदि।

**यूनिक समय, मथुरा।** किशोरी रमण महिला महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो. पल्लवी सिंह के निर्देशन में हिंदी विभाग द्वारा आठ से 14 सितंबर तक हिंदी पखवाड़ा मनाया गया। इस दौरान छात्राओं के लिए शैक्षिक भ्रमण, प्रश्नोत्तरी, अंत्याक्षरी, पोस्टर-स्लोगन और निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि डेम्पियर नगर पार्षद-बार एसोसिएशन के सचिव मनोज शर्मा और प्राचार्य प्रो. पल्लवी सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों का पटुका पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। संचालन प्रो. निधि शर्मा और डॉ. शीला देवी ने किया। अंतिम दिवस छात्राओं ने काव्य पाठ और नाटक प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा दिखाई। निर्णायक मंडल में डॉ. मोनिका दीक्षित, डॉ. ज्योतेश चौहान, रूमी जायसवाल और डॉ. रीना दुबे रहीं। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली पिंकी सिंह, खुशबू, रूपल बंसल, साधना निजेनी, खुशी कुमारी, पूनम, नेहा, अंजली कुमारी, दिव्या, तानिया और करीना को प्रमाणपत्र-स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# रतनलाल स्कूल में हिंदी दिवस पर छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा


हिंदी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करतीं शिक्षिका।

**यूनिक समय, मथुरा।** रतनलाल स्कूल में हिंदी दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना और गणेश पूजन से हुआ।

कक्षा दस की छात्राओं निशा यादव और भूमि कुमारी ने कविता और भाषण के माध्यम से हिंदी भाषा की समृद्धता, सरलता और वैज्ञानिकता पर प्रकाश डाला। हिंदी शिक्षिकाओं ने भाषा के इतिहास, साहित्यिक विरासत और वर्तमान समय में उसकी उपयोगिता की जानकारी दी। छात्राओं को हिंदी को केवल विषय नहीं, बल्कि संस्कृति, संस्कार और गौरव की पहचान के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

## कविता और भाषण से हिंदी की समृद्धि का दिया संदेश छात्राओं ने भाषा के सम्मान का लिया संकल्प

प्रधानाचार्य डॉ. नीता सिंह ने छात्राओं को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हिंदी भावनाओं और विचारों की सशक्त अभिव्यक्ति है। उन्होंने दैनिक जीवन में हिंदी के अधिक प्रयोग का आह्वान किया। अंत में छात्राओं और शिक्षिकाओं ने हिंदी के प्रचार-प्रसार और सम्मान का संकल्प लिया। गणेश चतुर्थी के कारण विद्यालय परिसर भक्तिमय भी नजर आया।

# आरपीएफ ने रेलवे संपत्ति चुराने वाले दो चोर पकड़े, चोरी का माल बरामद

**यूनिक समय, मथुरा।** आरपीएफ ने वृंदावन रोड रेलवे स्टेशन के समीप वृंदावन एसएसपी रुम से बैटरी आदि सामान और वृंदावन आझई के मध्य रेलवे का सामान चोरी करने वाले दो चोरों को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद किया है। मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष आगरा से वृंदावन रोड स्टेशन पर एसएसपी से केबिल,वायर आइसोलेट शट जंपर बेटरी जंपर कंटेनर की चोरी हो गई है। इस सूचना पर आरपीएफ निरीक्षक यूके कौशिक, सहायक उप निरीक्षक रामनरेश, कांस्टेबल देवेंद्र कर्दम, योगेश कुमार के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। वहां जाकर देखा तो वहां से करीब छह हजार रुपये के रेलवे का सामान चोरी हो चुका था। वृंदावन आझई के समीप से चोरों ने 25 हजार रुपये का रेलवे का सामान चोरी कर लिया। चोरों द्वारा चोरी किए गए सामान से रेलवे पथ संचालन पर कोई प्रभाव नहीं हुआ। निरीक्षक और उनकी टीम ने किलोमीटर 1408/2-ए-1 के समीप से झाड़ियों के अंदर से सामान को निकाल कर ले जाते दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। उनसे रेलवे का चुराया गया माल बरामद किया। गिरफ्तार अभियुक्तों में भूपेंद्र पाल सिंह जो विकास नगर में कमलो पहलवान के मकान में किराए पर रह रहा है, शरीफ निवासी नवेंद्रनगर हलधरपुर थाना जीवन लाल जिला जिला साउथ 24 परगना पश्चिम बंगला को गिरफ्तार किया है। शरीफ अब छटीकरा के फुटपाथ पर रह रहा है।

# राजभाषा हिंदी, फिर भी लिखने में हो रही हैं गलतियां

**यूनिक समय, मथुरा।** आगरा- मथुरा मार्ग पर फरह क्षेत्र में गांव पौरी है, लेकिन यहां से आगरा उत्तरी बाइपास को जाने के लिए सुझाए गए रास्ते पर गांव का नाम पौड़ी लिखा है, जबकि अंग्रेजी में पौरी लिखा है। काफी मंहगा बोर्ड गलती को दर्शाता है। यह तो केवल एक नमूना है, ऐसी गलतियों की भरमार वाले काफी बोर्ड हाइवे और कस्बा- शहर में खूब नजर आते हैं।



दुकान पर लगाए गए बोर्ड पर गलत लिखा गया बांकेबिहारी।

हिंदी देश की राजभाषा है, लेकिन सार्वजनिक स्थानों पर इसके सही इस्तेमाल को लेकर लापरवाही साफ दिखाई देती है। बाजारों में दुकानों के लिए बनाए जाने वाले बैनर, पोस्टर और होर्डिंग में हिंदी के शब्दों की गलतियां आम होती जा रही हैं। प्रिंटिंग मशीनों से तैयार होने वाले बैनरों में कहीं मात्राओं की गलती होती है तो कहीं पूरे शब्द ही गलत लिख दिए जाते हैं।

हैरानी की बात यह है कि गलतियां दिखाई देने के बावजूद कई बार इन्हीं बैनरों को दुकानों के बाहर लगा दिया जाता है। इससे सार्वजनिक स्थानों पर हिंदी का गलत स्वरूप लोगों के सामने आता है। खासकर बच्चों और विद्यार्थियों के बीच भाषा के सही लेखन को लेकर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

हिंदी को राजभाषा का दर्जा मिलने के बावजूद उसके लिखित स्वरूप को लेकर बरती जा रही यह लापरवाही चिंता का विषय है। बैनर और पोस्टर तैयार करने से पहले उनकी भाषा और वर्तनी की जांच करना बेहद जरूरी है। प्रिंटिंग संचालकों के साथ-साथ दुकानदारों को भी बैनर लगवाने से पहले उसमें लिखे शब्दों की जांच करनी चाहिए, ताकि सार्वजनिक स्थानों पर हिंदी शुद्ध और सही रूप में दिखाई दे।

## सम्पादकीय

# कोचिंग में पढ़ाई कम क्रांति का पाठ ज्यादा

देश में कोचिंग सेंटरों का काम अब तक बच्चों को परीक्षा पास कराना माना जाता था। गणित के सवाल, भौतिकी के सूत्र, इतिहास की तारीखें और प्रतियोगी परीक्षाओं की रणनीति–यही कोचिंग की दुनिया थी। लेकिन अगर एक हालिया स्टिंग रिपोर्ट में सामने आए दावों को सही मानें, तो कुछ कोचिंग सेंटरों ने पाठ्यक्रम में एक नया विषय जोड़ दिया है–'क्रांति और आंदोलन प्रबंधन'!

रिपोर्ट में कुछ कोचिंग संचालकों की कथित बातचीत से कई गंभीर सवाल खड़े किए हैं। कहीं बच्चों को आंदोलन के लिए तैयार करने की बात है, कहीं भीड़ जुटाने के दावे हैं और कहीं प्रदर्शन में पुलिस से भिड़ने तक की बातें सामने आती हैं। यानी किताब के साथ अब कथित तौर पर बैरिकेड भी पाठ्य सामग्री का हिस्सा बन गया!


पवन गौतम
संपादक

व्यंग्य की बात छोड़ दें तो मामला बेहद गंभीर है। दसवीं–बारहवीं के बच्चे उस उम्र में होते हैं, जब उन्हें सवाल पूछना सिखाया जाना चाहिए, लेकिन सवाल का जवाब भी तर्क से तलाशना चाहिए। लोकतंत्र में प्रदर्शन करना अधिकार है, सरकार की आलोचना भी अधिकार है और असहमति लोकतंत्र की ताकत है। मगर किसी किशोर को आंदोलन की 'भीड़' में बदल देना और उसे हिंसा या टकराव की मानसिकता देना लोकतांत्रिक अधिकार नहीं, बल्कि उसकी समझ और भविष्य के साथ खिलवाड़ है।

संपादकीय सुनने के लिए मोबाइल से QR कोड को स्कैन करें।

रिपोर्ट में जातिगत आधार पर शिक्षकों और कोचिंग संचालकों को बांटने वाले कथित बयान भी सामने आए हैं। इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या होगा कि शिक्षा का मंदिर जाति की प्रयोगशाला बन जाए? शिक्षक की पहचान उसकी जाति नहीं, उसकी शिक्षा और सोच होनी चाहिए।

और फिर आता है 'किराये की भीड़' का सवाल। अगर प्रदर्शन भी पैकेज में मिलने लगे–इतने रुपये में इतने छात्र, पेट्रोल अलग, खाना अलग–तो लोकतांत्रिक आंदोलन और इवेंट मैनेजमेंट में फर्क ही क्या रह जाएगा?

सबसे बड़ा सवाल अभिभावकों से है। वे बच्चों को कोचिंग इसलिए भेजते हैं कि उनका भविष्य बने, न कि वे किसी राजनीतिक प्रयोग का हिस्सा बनें। शिक्षा का उद्देश्य बच्चे को क्रांतिकारी भीड़ बनाना नहीं, बल्कि जिम्मेदार नागरिक बनाना है। उसे सरकार से सवाल करना सिखाइए, लेकिन सवाल के साथ तथ्य भी दीजिए। उसे विरोध करना सिखाइए, लेकिन हिंसा नहीं। उसे अधिकार बताइए, साथ में जिम्मेदारी भी।

क्योंकि जिस दिन कोचिंग की फीस में 'क्रांति' शामिल हो गई, उस दिन शिक्षा पीछे और तमाशा आगे निकल जाएगा।

## नजरिया

# हिंदी दिवस पर बोर्डों की भाषा देखिए, शब्द भी खुद शर्मा जाएं

बोध प्रकाश सगुणी




हिंदी दिवस आते ही देश में हिंदी को लेकर भाषणों का मौसम शुरू हो जाता है। नेता हिंदी को जन–जन की भाषा बताते हैं, अधिकारी हिंदी में काम करने का संकल्प लेते हैं और विद्यालयों में हिंदी के महत्व पर निबंध प्रतियोगिताएं होती हैं। सोशल मीडिया पर भी हिंदी के गौरव की पोस्टों की बाढ़ आ जाती है। लेकिन इन सबके बीच अगर कोई व्यक्ति सचमुच हिंदी की जमीनी हालत देखना चाहता है तो उसे किसी बड़े सभागार में जाने की जरूरत नहीं। वह बस बाजार की किसी सड़क पर निकल जाए और दुकानों के बोर्ड पढ़ना शुरू कर दे। वहां हिंदी की असली परीक्षा चल रही है।

दुकान हिंदी में है, बोर्ड हिंदी में है, ग्राहक हिंदी बोलता है, दुकानदार हिंदी में भाव बताता है, लेकिन बोर्ड पर लिखे हिंदी के शब्द देखकर व्याकरणाचार्य को दिल का दौरा पड़ सकता है। कहीं मात्रा गायब है, कहीं अक्षर अपनी जगह से भागा हुआ है, कहीं आधा शब्द अंग्रेजी का है और आधा हिंदी का। कई जगह ऐसा लगता है कि बोर्ड लिखने वाले ने हिंदी से बदला लेने की ठान रखी हो।

मसलन, बाजार में किसी दुकान के बोर्ड पर 'किराना स्टोर' लिखा है तो कोई बड़ी बात नहीं। लेकिन उसी के साथ ऐसे शब्द मिल जाएं जिनकी वर्तनी देखकर यह तय करना मुश्किल हो कि दुकानदार क्या बेचना चाहता है और बोर्ड क्या बताना चाहता है, तब मामला दिलचस्प हो जाता है। 'स्वीट्स' को हिंदी में लिखने की कोशिश हो या 'ब्यूटी पार्लर' को देसी अंदाज में सजाने की, कई बोर्ड भाषा के बजाय भाषाई प्रयोगशाला के नमूने लगते हैं।

सबसे मजेदार स्थिति तब होती है जब किसी दुकान का नाम बहुत संस्कृतनिष्ठ और भारी–भरकम रखा जाता है, लेकिन नीचे लिखा विज्ञापन बताता है कि यहां कपड़े से लेकर मोबाइल कवर तक सब कुछ उपलब्ध है। नाम देखकर लगता है कि अंदर कोई गुरुकुल चल रहा होगा और बोर्ड के नीचे पहुंचकर पता चलता है कि यहां 'फैंसी ड्रेस', 'लेडीज सूट', 'किड्स वियर' और 'मेकअप आइटम' मिलते हैं। यह हिंदी के विरोध की बात नहीं है। उलटे, यह हिंदी के प्रति हमारी लापरवाही का आईना है।

हिंदी को लेकर बड़ी–बड़ी बहसें होती हैं कि इसे राष्ट्र की संपर्क भाषा बनाया जाए या नहीं, गैर–हिंदी भाषी राज्यों पर हिंदी थोपी जाए या नहीं, सरकारी कामकाज में हिंदी का कितना इस्तेमाल हो और अंग्रेजी का कितना। लेकिन बाजार की हिंदी इन राजनीतिक बहसों से कहीं ज्यादा व्यावहारिक है। वहां भाषा किसी आदेश से नहीं चलती। ग्राहक जिस भाषा में समझता है, दुकानदार उसी में बेचता है।

यही कारण है कि देश के तमाम हिस्सों में हिंदी के शब्द बाजार में अपनी जगह बना चुके हैं। फिल्मों, टेलीविजन, इंटरनेट, मोबाइल और व्यापार ने हिंदी को दूर–दराज के इलाकों तक पहुंचाया है। मगर बाजार में हिंदी की पहुंच बढ़ने के साथ उसकी शुद्धता और प्रस्तुति पर ध्यान देने की जरूरत भी बढ़ी है। दुकान का बोर्ड केवल दुकान की पहचान नहीं होता। वह शहर और समाज की भाषा का सार्वजनिक चेहरा भी होता है। जब किसी शहर के प्रमुख बाजार में दर्जनों बोर्ड गलत वर्तनी के साथ लगे हों तो वहां की भाषाई संस्कृति की तस्वीर भी कुछ वैसी ही बनती है। अब सवाल यह है कि दुकानदारों से हिंदी की परीक्षा क्यों ली जाए? इसका जवाब भी सरल है–परीक्षा नहीं, जागरूकता जरूरी है। किसी छोटे दुकानदार से यह उम्मीद नहीं की जा सकती कि वह हिंदी व्याकरण का विशेषज्ञ हो। लेकिन बोर्ड बनवाते समय एक बार सही शब्द की जांच कर लेना तो संभव है। जिस तरह दुकान का नाम, मोबाइल नंबर, पता और कीमत गलत लिखने से बचते हैं, उसी तरह भाषा की शुद्धता का भी ध्यान रखा जा सकता है।

विडंबना देखिए कि हजारों रुपये खर्च करके दुकान की सजावट कराई जाती है। चमचमाती रोशनी, महंगे अक्षर, आकर्षक डिजाइन और बड़े–बड़े पोस्टर लगते हैं, लेकिन पांच रुपये की मात्रा लगाने में कंजूसी हो जाती है। परिणाम यह कि बोर्ड लाखों का दिखता है और शब्द पांच पैसे की गलती के कारण मजाक बन जाता है।

कुछ बोर्ड तो ऐसे होते हैं जिन्हें पढ़ने के लिए ग्राहक को दुकानदार से पूछना पड़ता है कि आखिर लिखा क्या है। यानी विज्ञापन का मूल उद्देश्य–बिना पूछे जानकारी देना–ही समाप्त हो गया। हिंदी दिवस पर हमें इस छोटी–सी समस्या को भी गंभीरता से देखना चाहिए। भाषा केवल संसद, सचिवालय और विश्वविद्यालयों की चीज नहीं है। भाषा वह भी है जो चाय की दुकान के बोर्ड पर लिखी है, मिठाई की दुकान के नाम में दिखाई देती है, मेडिकल स्टोर के बाहर चमकती है और कपड़ों की दुकान के शीशे पर चिपकी होती है। और हां, हिंदी को बचाने के लिए हर बार अंग्रेजी के खिलाफ युद्ध छेड़ने की भी जरूरत नहीं है। अंग्रेजी रहे, तमिल रहे, तेलुगु रहे, मराठी रहे, ब्रज रहे, भोजपुरी रहे–भारत की खूबसूरती ही उसकी भाषाई विविधता है। समस्या भाषा के साथ नहीं, भाषा की उपेक्षा के साथ है। विशेषकर ब्रजभूमि जैसे क्षेत्र में तो भाषा की अपनी अलग मिठास है। यहां हिंदी के साथ ब्रजभाषा का जीवंत संसार मौजूद है। बाजारों के बोर्डों पर यदि स्थानीय शब्दों का सुंदर और सही प्रयोग हो तो वे केवल दुकान का पता नहीं बताएंगे, बल्कि शहर की पहचान भी बनाएंगे। इसलिए इस हिंदी दिवस पर एक छोटा–सा संकल्प क्यों न लिया जाए–हिंदी को राजनीति का हथियार बनाने से पहले उसे अपने आसपास सही लिखें। दुकान का बोर्ड लगाएं तो वर्तनी जांच लें। विज्ञापन छपवाएं तो शब्द देख लें। सार्वजनिक सूचना लिखें तो मात्रा पर नजर डाल लें।

क्योंकि हिंदी को सबसे बड़ा सम्मान शायद संसद में हिंदी में भाषण देने से नहीं, बल्कि बाजार में एक शब्द सही लिख देने से मिलेगा। वरना हर साल हिंदी दिवस आता रहेगा, भाषण होते रहेंगे, सोशल मीडिया पर हिंदी के गौरव के नारे लगते रहेंगे और बाजार के बोर्ड चुपचाप हमारी भाषा का मजाक उड़ाते रहेंगे। भाषा को बचाने की शुरुआत बहुत बड़ी जगह से नहीं होती। कभी–कभी वह दुकान के बाहर लगे एक छोटे–से बोर्ड से होती है–जहां बस एक शब्द सही लिखना होता है।

## विचार विंडो

# ब्रिक्स में मोदी के जलवे से इस्लामाबाद में बढ़ी बेचैनी

राम प्रकाश शर्मा

नई दिल्ली में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन केवल वैश्विक अर्थव्यवस्था और बहुपक्षीय सहयोग का मंच नहीं है, बल्कि बदलते विश्व शक्ति–संतुलन का भी एक बड़ा संकेतक बनकर सामने आया है। भारत के लिए यह सम्मेलन अपनी बढ़ती कूटनीतिक हैसियत दिखाने का अवसर है, तो पाकिस्तान के लिए घटनाक्रम को दूर बैठकर देखने और अपने रणनीतिक समीकरणों का हिसाब लगाने का समय। दिल्ली में दुनिया की बड़ी शक्तियां एक मेज पर बैठ रही हैं और इस पूरी तस्वीर पर इस्लामाबाद की नजरें टिकी हैं।

पाकिस्तान की बेचैनी का सबसे बड़ा कारण यह नहीं है कि भारत कोई एक बैठक कर रहा है, बल्कि यह है कि जिन देशों को वह अपने रणनीतिक साझेदार मानता है, वे भी नई दिल्ली में भारत के साथ संवाद कर रहे हैं। चीन, रूस, ईरान और खाड़ी के प्रभावशाली देशों के साथ भारत के लगातार बढ़ते रिश्ते पाकिस्तान के पुराने कूटनीतिक समीकरणों के लिए चुनौती बन रहे हैं। सबसे अधिक निगाहें भारत और चीन के रिश्तों पर हैं। सीमा विवाद के बाद दोनों देशों के संबंधों में तनाव जरूर रहा, लेकिन हाल के वर्षों में संवाद बहाली और संपर्क बढ़ाने की कोशिशें भी हुई हैं। यदि भारत और चीन प्रतिस्पर्धा के बावजूद संवाद और आर्थिक सहयोग का रास्ता मजबूत करते हैं, तो इसका असर पूरे दक्षिण एशिया की रणनीतिक गणना पर पड़ेगा। पाकिस्तान के लिए यह इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि उसकी सुरक्षा नीति में चीन की भूमिका लंबे समय से बेहद अहम रही है।

इस्लामाबाद की चिंता को पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय से पूछे गए सवालों में भी पढ़ा जा सकता है। वहां से यह कहना पड़ा कि चीन के साथ पाकिस्तान की 'ऑल वेदर' साझेदारी किसी तीसरे देश के साथ चीन के संबंधों से प्रभावित नहीं होगी। कूटनीति की भाषा में यह भले ही सामान्य जवाब हो, लेकिन सवाल का उठना ही बताता है कि भारत–चीन संबंधों में किसी संभावित बदलाव को पाकिस्तान कितनी गंभीरता से देख रहा है।



दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष भारत–रूस संबंध है। रूस लंबे समय से भारत का महत्वपूर्ण रक्षा साझेदार रहा है। एस–400 वायु रक्षा प्रणाली से लेकर ब्रह्मोस मिसाइल कार्यक्रम तक, दोनों देशों का रक्षा सहयोग पाकिस्तान की सैन्य रणनीति के लिए हमेशा महत्वपूर्ण रहा है। भारत और रूस यदि रक्षा तकनीक, मिसाइल प्रणालियों और सैन्य सहयोग के नए क्षेत्रों में आगे बढ़ते हैं, तो पाकिस्तान को अपनी सुरक्षा रणनीति पर फिर से विचार करना पड़ेगा। तीसरी चिंता पश्चिम एशिया से जुड़ी है। सऊदी अरब और ईरान जैसे प्रभावशाली देशों के साथ भारत के संबंध अब केवल पारंपरिक कूटनीति तक सीमित नहीं हैं। ऊर्जा, निवेश, व्यापार, तकनीक और सामरिक संपर्क के क्षेत्रों में भारत ने खाड़ी और पश्चिम एशिया में अपनी मौजूदगी लगातार मजबूत की है। ईरान के साथ चाबहार बंदरगाह भारत की क्षेत्रीय संपर्क नीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जबकि सऊदी अरब के साथ भारत के आर्थिक और रणनीतिक रिश्ते भी लगातार गहरे हुए हैं। यही वह क्षेत्र है जहां पाकिस्तान अपने लिए बदलती परिस्थितियों को सबसे अधिक महसूस करता है। सऊदी अरब के साथ उसके ऐतिहासिक और सुरक्षा संबंध महत्वपूर्ण हैं, लेकिन भारत का खाड़ी देशों के साथ बढ़ता आर्थिक प्रभाव इस पुराने समीकरण को एकतरफा नहीं रहने देता। आज पश्चिम एशिया के देश भारत को केवल दक्षिण एशिया की एक शक्ति के रूप में नहीं, बल्कि बड़े बाजार, निवेश केंद्र और विश्वसनीय रणनीतिक साझेदार के रूप में भी देखते हैं।

ब्रिक्स की राजनीति भी पाकिस्तान के लिए कम महत्वपूर्ण नहीं है। पाकिस्तान लंबे समय से इस समूह में शामिल होने की इच्छा रखता है। ऐसे में भारत की मेजबानी में होने वाला शिखर सम्मेलन उसके लिए विशेष महत्व रखता है। ब्रिक्स का विस्तार केवल सदस्य बनने की इच्छा से नहीं, बल्कि सदस्य देशों की सहमति और व्यापक कूटनीतिक समर्थन से तय होता है। इसलिए पाकिस्तान के लिए भारत के रुख और प्रभाव को नजरअंदाज करना आसान नहीं होगा। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम का सबसे बड़ा संदेश पाकिस्तान के लिए शायद यही है कि भारत अब अपनी विदेश नीति को केवल पाकिस्तान–केंद्रित नजरिए से नहीं चला रहा। नई दिल्ली की प्राथमिकताएं कहीं व्यापक हैं–अमेरिका से लेकर रूस तक, यूरोप से लेकर खाड़ी देशों तक और जापान से लेकर ईरान तक। भारत एक साथ कई शक्ति केंद्रों के साथ अपने हितों के आधार पर रिश्ते आगे बढ़ा रहा है। यही बदलाव इस्लामाबाद को सबसे अधिक असहज करता है। जिस दक्षिण एशिया में लंबे समय तक भारत–पाकिस्तान प्रतिद्वंद्विता को केंद्रीय विषय माना जाता था, वहां अब भारत की कूटनीति का दायरा कहीं बड़ा दिखाई दे रहा है। दिल्ली में बैठकर भारत जिस बहुध्रुवीय दुनिया में अपनी जगह मजबूत कर रहा है, पाकिस्तान को उसी बदलती तस्वीर में अपने लिए नई भूमिका तलाशनी होगी।

ब्रिक्स सम्मेलन इसलिए केवल बैठकों और घोषणाओं का मंच नहीं है। यह उस बदलती दुनिया का आईना है, जिसमें प्रभाव केवल सैन्य शक्ति से नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था, बाजार, तकनीक, ऊर्जा, संपर्क और कूटनीति से तय होता है। भारत इस नई तस्वीर में अपनी जगह तेजी से मजबूत कर रहा है। इसीलिए दिल्ली की हलचल का असर दूर इस्लामाबाद तक महसूस होना स्वाभाविक है।

### 22 साल बाद भी अमेरिकी फैंस को इंतजार

# शेल्टन का सपना तोड़ एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने जीता यूएस ओपन

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** जर्मनी के स्टार टेनिस खिलाड़ी एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वर ओपन 2026 का पुरुष सिंगल्स खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले में उन्होंने अमेरिका के बेन शेल्टन को 6–3, 7–6 (2), 5–7, 6–2 से हराकर करियर का दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब जीता। न्यूयॉर्क में घरेलू दर्शकों को 23 वर्षीय शेल्टन से बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन ज्वेरेव ने शानदार खेल दिखाते हुए उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। अमेरिकी फैंस को उम्मीद थी कि 2003 में एंडी रॉडिक के बाद पहली बार कोई अमेरिकी पुरुष खिलाड़ी ग्रैंड स्लैम खिताब जीतेगा। शेल्टन के पास इतिहास रचने का सुनहरा मौका था, लेकिन ज्वेरेव ने शुरुआत से ही मुकाबले पर पकड़ बनाए रखी। पहले सेट में शेल्टन ने शुरुआती गेम में डबल फॉल्ट किया,




जिसका फायदा ज्वेरेव ने उठाया और 6–3 से सेट अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में शेल्टन ने वापसी की कोशिश की और मुकाबला टाई–ब्रेक तक पहुंचा। हालांकि, ज्वेरेव ने यहां बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए टाई–ब्रेक 7–2 से जीत लिया। दो सेट की बढ़त के बाद ज्वेरेव खिताब के करीब पहुंच गए थे। तीसरे सेट में शेल्टन ने जोरदार वापसी करते हुए 7–5 से सेट जीत लिया। इस दौरान स्टेडियम में मौजूद अमेरिकी दर्शकों ने उनका जमकर समर्थन किया। उनकी गर्लफ्रेंड और अमेरिकी फुटबॉलर ट्रिनिटी रोडमैन भी अपना मैच खत्म करने के बाद वॉशिंगटन से फाइनल देखने पहुंची थीं। हालांकि, चौथे सेट में ज्वेरेव ने शेल्टन को कोई मौका नहीं दिया। उन्होंने 6–2 से सेट जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। खास बात यह है कि ज्वेरेव ने इसी साल फ्रेंच ओपन जीतकर अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब हासिल किया था और अब यूएस ओपन की ट्रॉफी भी उनके नाम हो गई है। 2020 के यूएस ओपन फाइनल में मिली हार के बाद यह जीत उनके लिए खास मानी जा रही है। शेल्टन की हार के साथ अमेरिकी पुरुष टेनिस का 22 साल पुराना इंतजार जारी है। 2003 में एंडी रॉडिक के बाद कोई अमेरिकी पुरुष खिलाड़ी यूस ओपन नहीं जीत सका है। शेल्टन 1968 में आर्थर ऐश के बाद वर ओपन पुरुष सिंगल्स खिताब जीतने वाले पहले अश्वेत खिलाड़ी भी बन सकते थे, लेकिन ज्वेरेव ने उनका सपना तोड़ दिया। इस हार के बाद ज्वेरेव के खिलाफ शेल्टन का रिकॉर्ड 0–6 हो गया है।

# कैंसर से जंग के बीच नफीसा अली की बढ़ी मुश्किलें

### स्कैन में लिवर की सतह पर मिले नए डिपॉजिट बदला इलाज का तरीका

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** दिग्गज अभिनेत्री नफीसा अली लंबे समय से कैंसर से जंग लड़ रही हैं। अब उन्होंने अपनी सेहत को लेकर नया अपडेट साझा किया है, जिससे उनके प्रशंसकों की चिंता बढ़ गई है। नफीसा ने बताया कि उनका ओवेरियन और पेरिटोनियल कैंसर आगे बढ़ गया है।

हालिया पीईटी/सीटी स्कैन में लिवर की सतह पर कैंसर के नए डिपॉजिट मिले हैं। इसके बाद डॉक्टरों ने उनके इलाज का प्रोटोकॉल बदलते हुए टारगेटेड थेरेपी शुरू की है। नफीसा ने सोशल मीडिया पर अस्पताल से अपनी एक तस्वीर भी साझा की। तस्वीर में वह अस्पताल के बेड पर मुस्कुराती नजर



आईं और उनके हाथ में आईवी ड्रिप लगी हुई थी। पोस्ट के जरिए उन्होंने बताया कि हालिया स्कैन में लिवर की सतह पर नए डिपॉजिट दिखाई दिए हैं। इसी वजह से अब उनका इलाज टारगेटेड थेरेपी के जरिए किया जा रहा है।

अभिनेत्री ने इस मुश्किल दौर में लगातार उनका हौसला बढ़ाने वाले प्रशंसकों और शुभचिंतकों का आभार भी जताया। नफीसा ने कुछ समय पहले बताया था कि उनका ओवेरियन कैंसर स्टेज 4 तक पहुंच चुका है। उन्होंने यह भी साझा किया था कि वह बीमारी के दौरान तीसरी बार रेमिशन में गई थीं। हालांकि, हालिया जांच में बीमारी के बढ़ने की जानकारी सामने आई। साल 2018 में पहली बार उन्हें स्टेज 3 पेरिटोनियल और ओवेरियन कैंसर का पता चला था। इसके बाद से वह लंबे समय से इलाज करा रही हैं। बीमारी के बावजूद नफीसा ने अपनी जिंदगी और कैंसर से जुड़े अनुभवों को सार्वजनिक रूप से साझा करना जारी रखा है।

इस साल जुलाई में उन्होंने कैंसर को अपने जीवन की सबसे डरावनी यात्राओं में से एक बताया था। उनके नए पोस्ट के बाद प्रशंसकों और दोस्तों ने उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। फैशन डिजाइनर फराह खान अली ने भी नफीसा को मजबूत और बहादुर बताते हुए उनका हौसला बढ़ाया। कैंसर के इलाज के बीच नफीसा ने अभिनय से पूरी तरह दूरी नहीं बनाई। वह 2022 में रिलीज हुई सूरज बड़जात्या की फिल्म 'ऊंचाई' में नजर आई थीं। हाल ही में उन्होंने 'मैक्स, मिन एंड म्याऊजाकी' में भी काम किया, जिसमें उन्होंने नसीरुद्दीन शाह के साथ स्क्रीन शेयर की। बीमारी के बीच भी काम जारी रखना नफीसा के जज्बे और हिम्मत को दिखाता है।

# कप्तान फाइनल में नहीं खेले, फिर भी अभिषेक की टीम बनी चैंपियन

### 143 रन का टारगेट किया चेज

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अभिषेक शर्मा की टीम अमृतसर सूरमा ने शेर–ए–पंजाब टी20 लीग के पहले सीजन का खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले में अमृतसर ने लुधियाना लायंस को 8 विकेट से करारी शिकस्त दी। खास बात यह रही कि टीम के नियमित कप्तान अभिषेक शर्मा फाइनल मुकाबले में मौजूद नहीं थे। वह भारतीय टीम के साथ अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज में खेल रहे थे। इसके बावजूद अमृतसर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ट्रॉफी अपने नाम कर ली। फाइनल में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लुधियाना लायंस की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने महज 55 रन के स्कोर तक अपने पांच विकेट गंवा दिए। इसके बाद भी बल्लेबाज पारी को संभाल



नहीं सके और पूरी टीम 20 ओवर में 142 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। लुधियाना की ओर से अभिजीत गर्ग ने सबसे ज्यादा 37 रन बनाए। हरिश कुमार ने 22 और माधव पठानिया ने 21 रन का योगदान दिया। अमृतसर के गेंदबाजों में मयंक मार्कंडेय सबसे सफल रहे, जिन्होंने 17 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। साहिल खान को दो विकेट मिले। 143 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अमृतसर सूरमा ने शुरुआत से ही मुकाबले पर पकड़ बनाए रखी। टीम ने सिर्फ 16.4 ओवर में दो विकेट खोकर 143 रन बनाते हुए खिताब जीत लिया। सहज धवन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 53 गेंदों में 63 रन की मैच विनिंग पारी खेली। राहुल कुमार ने भी 30 गेंदों में 42 रन बनाकर उनका अच्छा साथ दिया। इसके बाद नमन धीर ने महज 12 गेंदों में चार छक्कों की मदद से नाबाद 29 रन की तूफानी पारी खेलकर टीम को आसान जीत दिला दी।

लुधियाना की ओर से जसिंदर सिंह और कार्तिक को एक–एक विकेट मिला। इस फाइनल के दौरान अभिषेक शर्मा दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में भारतीय टीम के लिए खेल रहे थे। उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ मुकाबले में महज 32 गेंदों में 82 रन की तूफानी पारी खेली और भारत को 7 विकेट से जीत दिलाई। यानी एक तरफ अभिषेक ने टीम इंडिया के लिए धमाका किया, तो दूसरी तरफ उनकी कप्तानी वाली अमृतसर सूरमा ने पंजाब टी20 लीग का खिताब जीत लिया। फाइनल खत्म होने के बाद अभिषेक ने वीडियो कॉल के जरिए अपनी टीम के खिलाड़ियों से बात की और उन्हें चैंपियन बनने की बधाई दी।

# कैंसर की बात सुनते ही समय ने छीना दीपक का माइक



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** 'इंडियाज गॉट लेटेंट' के नए एपिसोड में उस वक्त माहौल भावुक हो गया, जब कंटेस्टेंट कार्तिका जलानी ने अपनी निजी जिंदगी से जुड़ा बड़ा खुलासा किया। बातचीत के दौरान कार्तिका ने बताया कि वह ब्रेस्ट कैंसर से जूझ चुकी हैं और उनका इलाज अभी भी जारी है। उनकी बात सुनते ही शो के होस्ट समय रैना ने दीपक कलाल का माइक तुरंत अपने हाथ में ले लिया। समय के इस रिएक्शन ने लोगों का ध्यान खींच लिया है। दरअसल, कार्तिका ने मंच पर कविता सुनाने के बाद अपने बालों को लेकर बात की। समय ने उनके फॉर्म में लिखी बात का जिक्र करते हुए पूछा कि उन्होंने बालों को अपनी पूरी पर्सनैलिटी क्यों बताया है। कार्तिका ने बताया कि पहले उनके बाल काफी लंबे थे, लेकिन अब उन्होंने छोटे कर लिए हैं। वजह पूछने पर उन्होंने बताया कि उन्हें कैंसर का पता चला था।

### वायरल हुआ रिएक्शन

कैंसर का नाम सुनते ही समय ने दीपक की ओर देखा और उनका माइक हटा लिया। इसके बाद कार्तिका ने बताया कि उन्हें ब्रेस्ट कैंसर हुआ था। समय ने दोबारा दीपक का माइक दूर कर दिया और कहा कि यह सुनकर उन्हें काफी दुख हुआ। हालांकि, इस अचानक हुए रिएक्शन से माहौल में हल्की हंसी भी आ गई।

बातचीत में कार्तिका ने बताया कि उनका इलाज अभी जारी है। हाल ही में उनकी रेडिएशन पूरा हुआ है और फिलहाल वह इम्यूनोथेरेपी से गुजर रही हैं। मुश्किल दौर के बावजूद कार्तिका का सकारात्मक रवैया शो में मौजूद लोगों को प्रभावित करता नजर आया। वहीं, समय रैना का दीपक का माइक हटाना अब चर्चा का खास हिस्सा बन गया है।

# शंख–डमरू की धुन में लीन हुए विद्युत जामवाल



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** गणेश चतुर्थी के मौके पर मुंबई का मशहूर लालबागचा राजा पंडाल भक्तों से गुलजार है। इस खास मौके पर बॉलीवुड अभिनेता और मार्शल आर्टिस्ट विद्युत जामवाल भी बप्पा का आशीर्वाद लेने पहुंचे। पारंपरिक सफेद पोशाक में नजर आए विद्युत ने न सिर्फ गणपति के दर्शन किए, बल्कि आरती में शामिल होकर शंख और डमरू भी बजाया। सोशल मीडिया पर सामने आए उनके वीडियो अब तेजी से चर्चा में हैं।

विद्युत जामवाल का अंदाज देखकर वहां मौजूद लोग भी उत्साहित नजर आए। वीडियो में अभिनेता पूरी तरह भक्ति में लीन दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने शंख बजाकर बप्पा का स्वागत किया और डमरू बजाते हुए आरती में हिस्सा लिया। उनका यह भक्तिमय अंदाज फैंस को काफी पसंद आ रहा है।

हर साल लालबागचा राजा के दर्शन के लिए देशभर से लाखों श्रद्धालु मुंबई पहुंचते हैं। इस बार लालबागचा

### लालबागचा राजा के दरबार में दिखा भक्तिमय अंदाज

राजा सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडल अपना 93वां वर्ष मना रहा है। गणेशोत्सव की शुरुआत 14 सितंबर से हुई है और अगले 10 दिनों तक यहां भक्तों की भारी भीड़ उमड़ने की उम्मीद है।

इस साल लालबागचा राजा के पंडाल को खास महादेव थीम पर सजाया गया है। पंडाल की डिजाइन महाकालेश्वर मंदिर से प्रेरित बताई गई है। यहां एक विशाल त्रिशूल भी आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। वहीं, विद्युत जामवाल इन दिनों अपने हॉलीवुड डेब्यू को लेकर भी सुर्खियों में हैं। वह मशहूर फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर' में धालसिम का किरदार निभाते नजर आएंगे। फिल्म में उनके साथ जेसन मोमोआ, नोआ सेंटिनियो और रोमन रेन्स जैसे कलाकार भी दिखाई देंगे।

# मुरादाबाद की लकड़ी फैक्ट्री में लगी भीषण आग, 20 फीट उठीं लपटें






**यूनिक समय, मुरादाबाद।** कटघर थाना क्षेत्र में रामपुर दोराहे के पास सोमवार दोपहर आरएच इंटरनेशनल की लकड़ी फैक्ट्री में अचानक भीषण आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया। फैक्ट्री से करीब 20 फीट ऊंची लपटें उठती दिखाई दीं, जबकि धुएं का गुबार करीब दो किलोमीटर दूर से नजर आया। धुआं इतना घना था कि आसपास के लोगों को सांस लेने में परेशानी और घुटन होने लगी।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने एहतियात के तौर पर फैक्ट्री के आसपास का इलाका

### दो किलोमीटर दूर तक दिखा धुएं का गुबार

### घुटन बढ़ने पर आसपास का इलाका खाली कराया,10 से ज्यादा दमकल गाड़ियां जुटीं

### रामपुर से भी बुलानी पड़ीं फायर ब्रिगेड की गाड़ियां

### फैक्ट्री में तैयार होते हैं विदेशी बाजार के उत्पाद

खाली करा दिया। दमकल की 10 से अधिक गाड़ियां आग पर काबू पाने में जुटीं। आग की भयावहता को देखते हुए रामपुर से भी दमकल की गाड़ियां मौके पर बुलानी पड़ीं। मुख्य अग्निशमन अधिकारी डॉ. राजीव कुमार पांडेय ने बताया कि फैक्ट्री में बड़ी मात्रा में थिनर, पेंट, रसायन और सूखी लकड़ी का भंडारण था। ज्वलनशील सामग्री के कारण आग तेजी से फैल गई।

आरएच इंटरनेशनल फैक्ट्री के मालिक तस्लीम बताए गए हैं। यहां लैंप, प्रीमियम कर्टेन रॉड्स, डिजाइनर फर्नीचर और धातु से बने हस्तशिल्प उत्पाद तैयार किए जाते हैं। इन उत्पादों की विदेशों में भी आपूर्ति होती है। आग से फैक्ट्री में रखा काफी सामान और कच्चा माल प्रभावित होने की आशंका है। आग लगने के समय फैक्ट्री में कितने मजदूर मौजूद थे और हादसे की शुरुआत किस वजह से हुई, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। दमकलकर्मी लगातार पानी की बौछार कर आग को नियंत्रित करने में जुटे हैं। प्रशासन की प्राथमिकता आसपास के लोगों को सुरक्षित रखना और आग को दूसरी इकाइयों तक फैलने से रोकना है। आग पूरी तरह बुझने के बाद नुकसान का आकलन और घटना के कारणों की जांच की जाएगी।

# शव सड़क पर रखकर ढाई घंटे लगाया जाम, 74 लोगों पर मुकदमा



**यूनिक समय, मैनपुरी।** कोतवाली क्षेत्र के नगला कैथ में पेंटर आशीष शाक्य की मौत के बाद शव सड़क पर रखकर जाम लगाने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने 24 लोगों को नामजद किया है, जबकि करीब 50 अज्ञात लोगों को भी आरोपी बनाया गया है। आरोप है कि कुछ लोगों ने परिजनों को बहकाकर अंतिम संस्कार रुकवा दिया और शव को देवी रोड बाईपास पर फलहारी आश्रम के पास सड़क के बीच रखकर यातायात बाधित कर दिया।

परिजनों के अनुसार, आशीष की मौत के मामले में 10 सितंबर को कोतवाली में अनुज दुबे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई थी। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव को अंतिम संस्कार के लिए नगला कैथ ले जा रहे थे। इसी दौरान प्रदर्शन शुरू हो गया। आरोप है

### अंतिम संस्कार रोककर प्रदर्शन का आरोप, ट्रैक्टर–ट्रॉलियां खड़ी कर रोका यातायात

### एंबुलेंस और स्कूल बसें फंसी बच्चों और महिलाओं को हुई परेशानी

कि प्रदर्शनकारियों ने सड़क के दोनों ओर ट्रैक्टर–ट्रॉलियां तिरछी खड़ी कर रास्ता बंद कर दिया। जाम के कारण एंबुलेंस, स्कूली बसें और अन्य वाहन फंस गए।

बसों में मौजूद बच्चों और महिलाओं को गर्मी में परेशानी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर करीब ढाई घंटे बाद जाम खुलवाया। मामले में नामजद आरोपियों समेत अज्ञात लोगों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# पानी लेने निकले मां–बेटे को ट्रक ने कुचला,दोनों की मौत

### दो साल के मासूम के साथ जा रही थी माया, हादसे के बाद चालक फरार

### एमपी से मजदूरी करने आया था परिवार, चार साल से झोपड़ी में रह रहा था

**यूनिक समय, प्रयागराज।** औद्योगिक थाना क्षेत्र के महुआरिया में सोमवार सुबह तेज रफ्तार ट्रक ने मां और उसके दो साल के बेटे को कुचल दिया। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक ट्रक समेत फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

मृतकों की पहचान 30 वर्षीय माया और उनके दो वर्षीय बेटे खतरू के रूप में हुई है। परिवार मूल रूप से मध्य प्रदेश के रीवा जिले के बेलहवी गांव का रहने वाला है। माया के पति परमचंदर उर्फ बचनू आदिवासी हैं। परिवार करीब चार साल से सरस्वती हाईटेक सिटी के सामने बनी बस्ती में रहकर मजदूरी करता था।

सोमवार सुबह माया बेटे के साथ पानी लेने जा रही थीं। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने दोनों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों की मौके पर मौत हो गई। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और अन्य माध्यमों से ट्रक चालक का पता लगाने में जुटी है।

# डॉग को लिफ्ट में ले जाने पर बवाल, टीचर से मारपीट

### सोसाइटी में महिला ने छड़ी से पीटा, बाल खींचकर थप्पड़ मारने का आरोप

### गार्ड ने बीच–बचाव कर टीचर को बचाया



**यूनिक समय, गाजियाबाद।** विंडसर पैराडाइज–2 सोसाइटी में पालतू डॉग को लिफ्ट में ले जाने को लेकर दो महिलाओं में विवाद हो गया। आरोप है कि डॉग के साथ लिफ्ट में मौजूद महिला ने स्कूल टीचर हिना बारी को दूसरी लिफ्ट से जाने के लिए कहा। टीचर के विरोध करने पर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई।

पीड़िता का आरोप है कि विवाद बढ़ने पर महिला ने छड़ी से हमला किया, बाल खींचे और कई थप्पड़ मारे। घटना के दौरान सोसाइटी का गार्ड मौके पर पहुंचा और दोनों को अलग कराया। बाद में गार्ड टीचर को सुरक्षित उनके फ्लैट तक लेकर गया। पूरी घटना सोसाइटी के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

हिना बारी ने नंदग्राम थाने में शिकायत दी है। पुलिस ने गैर–संज्ञेय मामले में रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

# काशी विश्वनाथ मंदिर के सीईओ का तबादला, उप सचिव बने

**यूनिक समय, वाराणसी।** श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण मिश्र का रविवार देर रात तबादला कर दिया गया। उन्हें उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग में उप सचिव की नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। विश्वभूषण मिश्र ने 2 फरवरी 2024 को मंदिर के सीईओ का पदभार संभाला था। वह ढाई साल से अधिक समय तक मंदिर प्रशासन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभालते रहे।

उनके कार्यकाल में श्री काशी विश्वनाथ धाम में श्रद्धालुओं की सुविधाओं और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने पर जोर दिया गया। वायु प्रदूषण से बचाव के लिए धाम परिसर में एयर

### फरवरी 2024 में संभाली थी जिम्मेदारी, ढाई साल से अधिक समय तक रहे पद पर

फिल्टर लगाने की पहल भी उनके कार्यकाल में हुई। इसके अलावा मंदिर की व्यवस्थाओं को सुचारु रखने के लिए कई कदम उठाए गए।

तबादला सूची में पीसीएस अधिकारी वरखा सिंह को वाराणसी का अपर नगर आयुक्त नियुक्त किया गया है। इससे पहले वह उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ में प्रधान प्रबंधक के पद पर तैनात थीं।


## लोक आयुक्त संगठन के 50 साल पूरे

# शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण हो: सीएम योगी

**यूनिक समय, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश लोक आयुक्त संगठन के 50वें स्थापना दिवस पर सोमवार को गोमतीनगर स्थित लोक आयुक्त कार्यालय में समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संगठन की पांच दशक की यात्रा और उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

उन्होंने स्मारिका और सूचना पुस्तिका का विमोचन भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लोक आयुक्त न्यायमूर्ति संजय मिश्रा ने की।

सीएम योगी ने कहा कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत किसी संस्था से जुड़े



सामान्यजन का विश्वास है। सुशासन तभी प्रभावी माना जाएगा, जब आम व्यक्ति बिना झिझक संस्था तक पहुंचे और उसे नियमानुसार समयबद्ध परिणाम मिले।

उन्होंने कहा कि शिकायतों का समय

### शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण जरूरी

### अनावश्यक शिकायतों पर भी होगी कार्रवाई

पर निस्तारण शासन की कसौटी है। साथ ही अनावश्यक शिकायतें करने वालों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। समारोह में लोक आयुक्त संगठन के अधिकारियों सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। प्रदर्शनी में संगठन के गठन, कार्यप्रणाली, शिकायतों की जांच और प्रमुख उपलब्धियों को क्रमवार प्रदर्शित किया गया।

# रिश्ते हुए बेगाने, रक्तदाता बने रेखा के अपने

**यूनिक समय, इटावा।** रिश्तों की बेरुखी का दर्दनाक मामला इटावा में सामने आया। सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी में इलाज के दौरान 55 वर्षीय रेखा देवी की मौत के बाद पति, तीन बेटों और मायके पक्ष ने शव लेने से इनकार कर दिया। छह दिन इलाज के बाद 7 सितंबर को उनकी मौत हुई थी।

करीब 15 साल पहले रेखा देवी के एक शादीशुदा व्यक्ति के साथ घर छोड़ने की बात सामने आई। इसके बाद परिवार ने उनसे संबंध तोड़ लिए थे। पुलिस और रक्तदाता समूह ने पति–बेटों तथा मायके पक्ष से संपर्क कर अंतिम संस्कार में शामिल होने की अपील की, लेकिन सभी ने इनकार कर दिया।

13 सितंबर को निर्धारित अवधि

### रक्तदाता समूह ने निभाया अंतिम फर्ज

### पति–बेटों और मायके ने शव लेने से किया इनकार

### वीडियो कॉल पर भी नहीं किए अंतिम दर्शन

### पुलिस की मौजूदगी में यमुना घाट पर पूरे विधि–विधान से हुआ अंतिम संस्कार

पूरी होने के बाद रक्तदाता समूह ने पुलिस के साथ अंतिम संस्कार की जिम्मेदारी उठाई।

यमुना घाट पर विधि–विधान से अंतिम संस्कार कराया गया और समूह के सदस्यों ने ही मुखाग्नि दी।

# राजस्थान निकाय चुनाव में भाजपा का दबदबा, कई शहरों में कांग्रेस ने भी चौंकाया

## कोटा-उदयपुर में भाजपा का बोर्ड तय

## भरतपुर में निर्दलीयों ने बिगाड़ा समीकरण

## जयपुर में पूर्व मेयर ज्योति खंडेलवाल हारी



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** राजस्थान के निकाय चुनाव परिणामों में कई शहरों में भाजपा ने मजबूत प्रदर्शन किया है, जबकि कुछ निकायों में कांग्रेस और निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी अपनी ताकत दिखाई है।

कोटा नगर निगम के अब तक घोषित 90 वार्डों में भाजपा ने 55, कांग्रेस ने 33 और निर्दलीयों ने दो वार्ड जीते हैं। इस तरह कोटा में भाजपा बहुमत के आंकड़े को पार कर चुकी है। वहीं उदयपुर नगर निगम के सभी 80 वार्डों के परिणाम में भाजपा ने 53 सीटें जीतकर लगातार सातवीं बार बोर्ड बनाने की स्थिति मजबूत कर ली है। कांग्रेस को 23, माकपा को एक और निर्दलीयों को तीन सीटें मिली हैं।

जयपुर में मुकाबला कई वार्डों में रोचक रहा। पूर्व मेयर ज्योति खंडेलवाल को कांग्रेस की सुनीता मेठी ने हरा दिया। खास बात यह रही कि ज्योति किसी भी बूथ पर बढ़त नहीं बना सकीं। जयपुर के शुरुआती 26 वार्डों में भाजपा ने 17, कांग्रेस ने आठ और निर्दलीय ने एक सीट जीती है।

भरतपुर नगर निगम के सभी 65 वार्डों के परिणामों ने राजनीतिक दलों की चिंता बढ़ा दी है।

यहां निर्दलीय प्रत्याशियों ने 36 वार्डों में जीत दर्ज कर सबसे बड़ा समूह बनाया। भाजपा को 20 और कांग्रेस को सात सीटें मिलीं, जबकि बसपा और आरएलपी के खाते में एक-एक सीट गई। ऐसे में बोर्ड गठन में निर्दलीयों की भूमिका निर्णायक होगी।

बूंदी नगर परिषद में दो निर्दलीय पार्षदों के भाजपा में शामिल होने के बाद पार्टी के 31 सदस्य हो गए और बहुमत का आंकड़ा हासिल कर लिया। बारां नगर परिषद में आम आदमी पार्टी ने 60 में से 32 वार्ड जीतकर स्पष्ट बहुमत हासिल किया है। कांग्रेस को 17 और भाजपा को नौ सीटें मिलीं।

जोधपुर में भाजपा और कांग्रेस के बीच कड़ा मुकाबला दिखा। दोनों दलों ने अब तक 44-44 वार्डों में जीत दर्ज की है। वहीं 21 वर्षीय कांग्रेस प्रत्याशी सरस्वती प्रजापत की जीत भी चर्चा में रही। भीलवाड़ा में शुरुआती 34 परिणामों में भाजपा ने 21, कांग्रेस ने चार और निर्दलीयों ने नौ सीटें जीतीं। इन नतीजों से साफ है कि राजस्थान के शहरी निकायों में इस बार दलों के साथ निर्दलीय भी सत्ता की चाबी अपने हाथ में रखते नजर आ रहे हैं।

# दुर्गा पूजा से पहले बंगाल में बड़े सियासी फेरबदल के संकेत



## एनसीपीआई के 20 में से 17 सांसदों के भाजपा में जाने का दावा

## तीन सांसद बाहर से देंगे एनडीए को समर्थन

## जून में 20 बागी सांसदों ने किया था एनसीपीआई में विलय

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में दुर्गापूजा से पहले बड़े सियासी फेरबदल की अटकलें तेज हो गई हैं। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के बागी सांसद और कूचबिहार से सांसद जगदीश चंद्र बर्मा बसुनिया ने दावा किया है कि नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) के 20 में से 17 सांसद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो सकते हैं। उनके अनुसार यह बदलाव दुर्गापूजा से पहले या उसके बाद अक्टूबर में हो सकता है।


बसुनिया ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि 17 सांसदों ने एक साथ भाजपा में शामिल होने की योजना को अंतिम रूप दे दिया है। उन्होंने कहा कि दो-तिहाई से अधिक सांसदों के एक साथ पाला बदलने की स्थिति में दल-बदल कानून के तहत अयोग्यता का खतरा नहीं रहेगा।

दरअसल, 14 जून को टीएमसी के 20 बागी सांसदों ने एनसीपीआई में विलय की घोषणा की थी। इन सांसदों ने केंद्र की सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को समर्थन देने का भी एलान किया था। बसुनिया का ताजा दावा इसी राजनीतिक घटनाक्रम को आगे बढ़ाने वाला माना जा रहा है।

उन्होंने बताया कि एनसीपीआई के 20 सांसदों में से तीन सांसद भाजपा की औपचारिक सदस्यता नहीं लेंगे। इनमें अबू ताहेर खान, खलीलुर रहमान और यूसुफ पठान के नाम शामिल हैं। बसुनिया के मुताबिक ये तीनों बाहर से एनडीए का समर्थन कर सकते हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि उन्हें आगे महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां या विभाग मिल सकते हैं।बसुनिया का बयान ऐसे समय आया है जब हाल में उनके कूचबिहार के सिताई स्थित पैतृक घर पहुंचने पर स्थानीय लोगों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया था। उनके राजनीतिक रुख में बदलाव को लेकर क्षेत्र में नाराजगी भी देखने को मिली। उनके आवास के पास स्थित टीएमसी कार्यालय में कथित आगजनी की घटना भी सामने आई थी।

फिलहाल 17 सांसदों के भाजपा में शामिल होने का दावा बसुनिया के बयान पर आधारित है। इस संबंध में संबंधित सांसदों या भाजपा की ओर से आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है। यदि यह दावा सच साबित होता है तो पश्चिम बंगाल में आगामी राजनीतिक समीकरणों पर इसका बड़ा असर पड़ सकता है।

# बेकाबू बस पांच वाहनों को रौंदकर होटल में घुसी, 50 घायल




## बिजली पोल से टकराने के बाद मचा हड़कंप

## होटल के चूल्हे से भड़की आग

## चालक समेत दो की हालत गंभीर

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** तेलंगाना के रंगा रेड्डी जिले में बेंगलुरु-हैदराबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। शमशाबाद के पास पहले एक कंटेनर ट्रक बिजली के खंभे से टकराया। इसके बाद पीछे से आ रही सेवन हिल्स प्राइवेट ट्रैवल्स की बस भी खंभे से जा भिड़ी और अनियंत्रित होकर कई वाहनों को टक्कर मारते हुए सड़क किनारे बने होटल और पान की दुकान में जा घुसी। बस ने मारुति अर्टिगा, ओमनी, स्विफ्ट और एक मोटरसाइकिल को चपेट में लिया। हादसे के दौरान होटल में चूल्हा जल रहा था, जिससे आग लग गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल आग पर काबू पा लिया। हादसे में 50 से अधिक लोग घायल हुए हैं। बस चालक और अर्टिगा चालक समेत दो लोगों की हालत गंभीर बताई गई है। सभी घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

# 3400 करोड़ के विधायक बने भिखारी, सड़क पर मांगी भिक्षा




## जैन गुरु की सलाह पर बदला हुलिया

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के सबसे अमीर विधायकों में शामिल पराग शाह का एक अलग अंदाज चर्चा में है। घाटकोपर ईस्ट से विधायक शाह ने एक दिन के लिए भिखारी का जीवन जीने का फैसला किया। करीब 3400 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति वाले शाह ने अपना हुलिया बदला और आम लोगों के बीच जाकर भिक्षा मांगी। उन्होंने इसी तरह मिले भोजन से अपनी दिनचर्या पूरी की।

गुरु की सलाह पर अपनाया भिखारी का रूप जानकारी के अनुसार, जैन धर्म के चातुर्मास के दौरान उनके गुरु नम्रमुनि ने उन्हें भिखारी के जीवन और उसकी परिस्थितियों को समझने के लिए एक दिन ऐसा अनुभव लेने की सलाह दी थी। इसके बाद शाह ने मेकअप के जरिए अपना रूप बदला और सुरक्षा तथा अन्य सुविधाओं से दूर रहकर सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचे। लोगों से मांगी भिक्षा, साझा किया अनुभव इस दौरान कई लोग उन्हें पहचान नहीं सके। उन्होंने अलग-अलग स्थानों पर लोगों से भिक्षा मांगी और भोजन किया। बाद में वास्तविक पहचान बताकर कुछ लोगों से बातचीत भी की। विधायक का यह प्रयोग अब सामाजिक और धार्मिक अनुभव के तौर पर चर्चा में है।

# ज्वैलरी दुकान का शटर तोड़कर लाखों की चोरी



## सीसीटीवी में कैद हुई वारदात, सोने-चांदी के जेवरात और नकदी ले गए चोर, बाजार में दहशत

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बिहार के मधेपुरा जिले के गम्हरिया थाना क्षेत्र स्थित फुलकाहा चौक में चोरों ने ज्वेलरी दुकान का शटर तोड़कर लाखों रुपये के जेवरात और नकदी चोरी कर ली। वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान में जुटी है।

रात में शटर तोड़कर दुकान में घुसे चोर नरेश स्वर्णकार रोज की तरह रात करीब 8:10 बजे नरेश ज्वेलर्स बंद कर घर चले गए थे। रविवार सुबह स्थानीय लोगों ने दुकान का शटर टूटा होने की सूचना दी। दुकानदार मौके पर पहुंचे तो अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच में सोने-चांदी की पायल, चेन, चूड़ी, बिछिया, टीका समेत कई आभूषण और नकदी गायब मिली। चोरों ने सीसीटीवी कैमरे को भी क्षतिग्रस्त करने का प्रयास किया।

फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश दुकानदार ने गम्हरिया थाने में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि चोरी गए सामान की कीमत लाखों रुपये है। सीसीटीवी फुटेज में पूरी घटना रिकॉर्ड हुई है, जिससे पुलिस को चोरों तक पहुंचने में मदद मिलने की उम्मीद है।

वारदात के बाद आसपास के व्यापारियों में भी सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

थानाध्यक्ष राघव शरण ने जांच और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# मातृभाषा से ही भारत को समझ सकता है बच्चा

## हिंदी दिवस पर अमित शाह बोले, वंदे मातरम् केवल गीत नहीं भारतीय चेतना और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का प्रतीक



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** हिंदी दिवस के अवसर पर नवी मुंबई में आयोजित हिंदी दिवस 2026 एवं छठे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारतीय भाषाओं और मातृभाषा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हिंदी देश की भाषाई एकता और राष्ट्रीय चेतना की वाहक है। साथ ही उन्होंने कहा कि किसी बच्चे के लिए भारत को सही मायने में समझने का माध्यम उसकी मातृभाषा ही हो सकती है। अमित शाह ने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं है। बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने गुलामी के दौर में इस रचना के जरिए भारतीय चेतना को जगाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि आनंद मठ में लिखा गया यह गीत आगे चलकर स्वतंत्रता आंदोलन में आजादी की उद्घोषणा बन गया। शाह के अनुसार, वंदे मातरम् ने स्वतंत्रता की भावना के साथ भारतीय सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की चेतना को भी मजबूत किया। गृह मंत्री ने कहा कि संविधान निर्माताओं ने विचार-विमर्श के बाद हिंदी को राजभाषा का दर्जा दिया। उन्होंने नई शिक्षा नीति में प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि बच्चा अपनी भाषा के माध्यम से ही अपनी भूमि, संस्कृति, परंपराओं और संस्कारों से जुड़ता है। उन्होंने भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने की अपील की। इस दौरान उन्होंने रवींद्रनाथ टैगोर के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति का सौंदर्य सभी प्रादेशिक भाषाओं से मिलकर बनता है।

# वायरल फीवर ने भरी एसएन अस्पताल की इमरजेंसी



### मरीज बढ़े तो गेट पर 12 बेड की ट्रायज यूनिट शुरू, गंभीर मरीजों को मिलेगी प्राथमिकता

### फ्लू डेस्क से लक्षणों के आधार पर मरीजों को भेज रहे संबंधित विभाग, डायरिया–निमोनिया ने भी बढ़ाई भीड़

**यूनिक समय, आगरा।** मौसम में बदलाव के साथ वायरल फीवर के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इसका असर एसएन मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी पर साफ दिखाई दे रहा है। वायरल फीवर, डायरिया और निमोनिया के मरीजों की बढ़ती संख्या के चलते इमरजेंसी के सभी 80 बेड भर गए हैं। मरीजों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए अस्पताल प्रशासन ने इमरजेंसी गेट के पास 12 बेड की ट्रायज यूनिट शुरू कर दी है।

यहां आने वाले मरीजों की प्राथमिक जांच के बाद उनकी गंभीरता के आधार पर उपचार और भर्ती की व्यवस्था की जा रही है। गंभीर मरीजों को प्राथमिकता देने के लिए ट्रायज यूनिट को इमरजेंसी के प्रवेश द्वार के पास बनाया गया है। मरीजों की सुविधा के लिए पास में ही पर्चा काउंटर भी रखा गया है।

एसएन मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रशांत गुप्ता ने बताया कि वायरल फीवर के मरीजों की संख्या बढ़ने से इमरजेंसी पर दबाव बढ़ा है। बेड भरने की स्थिति में मरीजों को परेशानी न हो, इसलिए अतिरिक्त व्यवस्था की गई है।

इमरजेंसी प्रभारी डॉ. मनीष बंसल के अनुसार वायरल फीवर के साथ स्वाइन फ्लू और इन्फ्लुएंजा–ए के लक्षण वाले मरीज भी पहुंच रहे हैं। कई मरीजों में तेज बुखार, जुकाम–खांसी, शरीर में दर्द और कमजोरी की शिकायत है। कुछ गंभीर मरीजों में प्लेटलेट्स कम होने से घबराहट और सीने में जकड़न जैसी समस्याएं भी सामने आ रही हैं।

मरीजों की भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए इमरजेंसी में फ्लू डेस्क भी बनाई गई है। यहां मरीजों के लक्षण देखकर उन्हें संबंधित विभाग में भेजा जा रहा है, जिससे जांच और उपचार में समय कम लगे। अस्पताल प्रशासन ने मरीजों से बीमारी के लक्षण दिखने पर समय से चिकित्सकीय सलाह लेने की अपील की है।

# मथुरा–अछनेरा रेलखंड के परखम में बनेगा आरओबी

**यूनिक समय, मथुरा।** मथुरा–अछनेरा रेलखंड पर किलोमीटर 372/6–7 स्थित परखम रेलवे क्रॉसिंग संख्या 373 पर रोड ओवरब्रिज (आरओबी) के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सांसद हेमा मालिनी के पत्र के जवाब में आरओबी निर्माण को स्वीकृति प्रदान किए जाने की जानकारी दी है। सांसद ने जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए इस क्रॉसिंग पर आरओबी निर्माण की मांग की थी। स्वीकृति मिलने से क्षेत्र के लोगों को रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम और आवागमन की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। आरओबी बनने से मार्ग पर यातायात भी सुगम होगा।फरह से ओल होकर राजस्थान की ओर जाने वाले वाहन और लोगों को गांव परखम में आरओबी नहीं होने से काफी परेशानी होती थी। फाटक बंद होने से इंतजार भी करना पड़ता था। पूर्व में यहां रेलवे की ओर से अंडरपास बनाया जा रहा था, लेकिन ग्रामीणों के विरोध से काम नहीं हुआ। अब गांव परखम के समीप दीनदयाल कामधेनु गोशाला स्थापित होने से आरओबी बनने के कयास लगाए जा रहे थे। लोगों को उम्मीद है कि फरह कस्बा स्थित रेलवे फाटक पर भी जल्द आरओबी बन सकता है।

## चोर गिरफ्तार, बाइक बरामद

**यूनिक समय, मथुरा।** बरसाना पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ अभियुक्त दिलशाद निवासी नगला जंगली थाना बरसाना को रुप नगर की पुलिया के समीप से गिरफ्तार किया है। पुलिस का आरोप है उसके पास से बाइक की फर्जी नंबर प्लेट भी मिली है।

# करंट से युवक की मौत दूसरे खेत में मिला शव

### पैर पर मिले निशान से करंट लगने की आशंका, घटना को लेकर गांव में चर्चा

### परिजनों ने पुलिस को दी सूचना, मौत की वजह और शव खेत में पहुंचने की जांच शुरू

**यूनिक समय, फिरोजाबाद।** मटसेना थाना क्षेत्र के कोंडरा गांव में करंट लगने से सुरेंद्र उर्फ सुरेश पुत्र सोनेलाल की मौत हो गई। सोमवार सुबह घटना की जानकारी मिलने के बाद परिवार में कोहराम मच गया। शव दूसरे व्यक्ति के खेत में मिलने से मामला और भी चर्चा में आ गया।

मृतक के भतीजे के अनुसार सुरेंद्र को किसी तरह करंट लग गया था, जिससे उनकी मौत होने की आशंका है। उनके पैर पर करंट लगने का निशान भी दिखाई दे रहा था। हालांकि, करंट कहां और किन परिस्थितियों में लगा, यह अभी स्पष्ट नहीं है। परिजनों का कहना है कि किसी ने शव को उठाकर दूसरे खेत में डाल दिया था।

घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। परिजन शव देखकर बदहवास हो गए। गांव में घटना को लेकर तरह–तरह की चर्चाएं होने लगीं। सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद मटसेना थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जानकारी जुटाई।

पुलिस घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है। मौत वास्तव में करंट लगने से हुई या इसके पीछे कोई अन्य वजह है, इसका पता जांच और आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने आगे की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# ताज के संग यादगार हुई युगांडा की उपराष्ट्रपति की तस्वीर



### डायना बेंच पर बैठकर खिंचवाई फोटो

### 20 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने भी निहारी खूबसूरती

**यूनिक समय, आगरा।** युगांडा की उपराष्ट्रपति जेसिका अलुपो सोमवार को 20 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ ताजमहल देखने पहुंचीं। दोपहर करीब 12 बजे उनका काफिला कड़ी सुरक्षा के बीच पश्चिमी गेट पहुंचा। एएसआई और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

ताजमहल परिसर में प्रवेश के बाद उन्होंने मुख्य गुंबद, शाहजहां और मुमताज की कब्रों तथा संगमरमर की पच्चीकारी को करीब से देखा। गाइड ने उन्हें स्मारक के इतिहास और मुगलकालीन वास्तुकला की जानकारी दी। करीब एक घंटे के भ्रमण में पच्चीकारी की कारीगरी ने उन्हें खासा प्रभावित किया।

भ्रमण के दौरान डायना बेंच पर बैठकर उन्होंने ताजमहल की पृष्ठभूमि में फोटो भी खिंचवाई। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने भी तस्वीरें लीं। विजिटर बुक में उन्होंने ताजमहल को प्रेम का अद्भुत प्रतीक बताते हुए भारत की सांस्कृतिक विरासत की सराहना की। इसके बाद उनका काफिला आगरा किला के लिए रवाना हो गया।

# पाकिस्तान से ट्रॉफी क्या, गिफ्ट भी नहीं लेंगे: दीप्ति की मां


दीप्ति शर्मा, क्रिकेटर

### आतंकवाद खत्म होने तक पाकिस्तान के प्रतिनिधियों से सम्मान स्वीकार नहीं करने की बात कही

### एशिया कप फाइनल में दीप्ति ने झटके तीन विकेट, आगरा में परिवार ने मनाया जश्न

**यूनिक समय, आगरा।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम के एशिया कप जीतने पर आगरा की क्रिकेटर दीप्ति शर्मा के घर जश्न का माहौल है। फाइनल में भारत ने श्रीलंका को हराकर खिताब अपने नाम किया। दीप्ति ने गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन करते हुए चार ओवर में 19 रन देकर तीन विकेट चटकाए। उनकी मां सुशीला शर्मा ने जीत पर खुशी जताते हुए कहा कि पाकिस्तान जब तक आतंकवाद खत्म नहीं करता, तब तक उसके प्रतिनिधियों के हाथों ट्रॉफी लेना तो दूर, कोई उपहार भी स्वीकार करना पसंद नहीं करेंगे।

फाइनल में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 183 रन बनाए। शेफाली वर्मा ने 68 और स्मृति मंधाना ने 59 रन बनाकर मजबूत शुरुआत दी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की टीम 111 रन पर ऑलआउट हो गई। श्री चरणी ने चार और दीप्ति ने तीन विकेट लिए।

दीप्ति की जीत के बाद उनके परिवार और मोहल्ले में मिठाई बांटी गई। पिता भगवान शर्मा समेत परिजनों ने फोन पर दीप्ति से बात कर बधाई दी। भाई और कोच सुमित शर्मा ने कहा कि पूरे टूर्नामेंट में दीप्ति का प्रदर्शन शानदार रहा। दीप्ति ने पांच मैचों में कुल 14 विकेट लेकर टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट लेने का गौरव हासिल किया। उनकी क्रिकेट यात्रा भी प्रेरणादायक रही। भाई के साथ स्टेडियम जाने की जिद से शुरू हुआ सफर एक प्रतिभा पहचानने वाली चयनकर्ता की नजर तक पहुंचा और फिर भारतीय टीम तक जा पहुंचा। दो साल पहले उन्हें यूपी पुलिस में डीएसपी पद भी मिला था।

# खाने में कीड़े मिलने पर एएमयू में छात्राओं का हंगामा



### 100 से ज्यादा छात्राएं सड़क पर उतरीं

### प्रॉक्टोरियल टीम से कहासुनी के बाद हुई धक्का–मुक्की

### चार घंटे तक नारेबाजी, पुलिस ने मानव श्रृंखला बनाकर दोनों पक्षों को अलग किया

**यूनिक समय, अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में सोमवार सुबह हॉस्टल के भोजन की गुणवत्ता को लेकर 100 से ज्यादा छात्राओं ने प्रदर्शन किया। अब्दुल्लाह हॉल की छात्राओं ने आरोप लगाया कि उन्हें लगातार खराब खाना दिया जा रहा है और भोजन में कीड़े तक निकल रहे हैं। शिकायतों के बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने पर छात्राएं सड़क पर उतर आईं।

प्रदर्शन की सूचना पर प्रॉक्टोरियल टीम मौके पर पहुंची। छात्राओं और टीम के बीच पहले कहासुनी हुई, फिर विवाद बढ़कर धक्का–मुक्की तक पहुंच गया। इस दौरान एक डिप्टी प्रॉक्टर के जमीन पर गिरने की बात सामने आई। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस को बुलाया गया। पुलिसकर्मियों ने मानव श्रृंखला बनाकर छात्राओं और प्रॉक्टोरियल टीम को अलग किया। करीब चार घंटे तक छात्राएं नारेबाजी करती रहीं।

छात्राओं का आरोप है कि भोजन की शिकायत को लेकर अब तक कई बैठकें हो चुकी हैं, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ।

उनका कहना है कि सोमवार सुबह शिकायत लेकर पहुंचने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई, जिसके बाद विरोध तेज हो गया। छात्राओं ने निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की।

वहीं, प्रॉक्टर प्रो. नावेद खान ने कहा कि भोजन की गुणवत्ता को लेकर पिछले 10 दिनों में छात्राओं के साथ तीन–चार बैठकें हो चुकी हैं। उनके सुझावों के आधार पर सुधार की प्रक्रिया जारी है।

अब्दुल्लाह हॉल में भोजन के लिए प्रत्येक छात्रा से 1400 रुपये मासिक लिए जाते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि हॉल परिसर में आवारा कुत्तों और बिल्लियों की समस्या को लेकर जिला प्रशासन से संपर्क किया जा रहा है। हंगामे के कारण अब्दुल्लाह स्कूल और एएमयू गर्ल्स स्कूल में कक्षा एक से पांच तक की परीक्षाएं प्रभावित हुईं और परीक्षाएं रद्द करनी पड़ीं।

# हाथरस में एक दिन में आए सांप के डसने के पांच मामले

### सोते समय पिता–पुत्र के पैरों से लिपटा सांप चीख सुनकर दौड़े परिजन

### सादाबाद, चंदपा और इगलास क्षेत्र से पहुंचे मरीज, जिला अस्पताल में चल रहा उपचार

**यूनिक समय, हाथरस।** जिले में सोमवार को सांप के डसने के पांच मामले सामने आए। अलग–अलग क्षेत्रों में हुई घटनाओं में एक पिता–पुत्र समेत सभी पांच लोगों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सादाबाद क्षेत्र के गुडसोटी गांव निवासी अमन चौहान सोमवार सुबह करीब पांच बजे चार वर्षीय बेटे रुद्र के साथ सो रहे थे। इसी दौरान सांप दोनों के पैरों से लिपट गया और उन्हें डस लिया। पिता–पुत्र की चीख सुनकर परिजन कमरे में पहुंचे। सांप को पकड़कर मारने के बाद दोनों को तत्काल अस्पताल ले जाया गया।

चंदपा क्षेत्र के पैकवाड़ा गांव निवासी 18 वर्षीय रितिका और इगलास क्षेत्र के नगला जसमन निवासी विकास कुमार को भी सांप ने डस लिया। एक अन्य महिला को भी सर्पदंश के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया।

अस्पताल में सभी का उपचार जारी है। चिकित्सकों की निगरानी में मरीजों की हालत पर नजर रखी जा रही है। एक ही दिन में पांच मामले सामने आने से ग्रामीण इलाकों में सर्पदंश को लेकर चिंता बढ़ गई है।